ज्ञानामृत

कोई तुम्हारे काँधे पर हाथ रखता है तो तुम्हारा हौसला बढ़ता है पर जब किसी का हाथ काँधे पर नहीं होता तुम अपनी शक्ति खुद बन जाते हो और वही शक्ति ईश्वर है!

▶▶ रश्मि प्रभा

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, सोमवार, 19 मई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 134 | पेज- 08 | मूल्य- ₹2.00/-


## न्यूज इन शॉर्ट

### ईओएस-09 मिशन फेल, इसरो प्रमुख बोले 'हम वापसी करेंगे'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ईओएस-09 मिशन तीसरे चरण में चूक गया। इसकी जानकारी इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने दी। इसे पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी61) से लॉन्च किया गया था, जो कुछ ही मिनटों में असफल हो गया। आधिकारिक एक्स पोस्ट में बताया गया कि रविवार को 101वां प्रक्षेपण प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। तीसरे चरण में तकनीकी खामी पेश आई जिससे वो चूक गया। इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने जानकारी दी कि पीएसएलवी के चार चरणों में से पहले दो चरणों का प्रदर्शन सामान्य रहा, लेकिन तीसरे चरण में तकनीकी खामी के कारण मिशन को पूरा नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा, हम विश्लेषण के बाद वापसी करेंगे।



### आईएसआई के बुलावे पर पाक गए थे गौरव गोगोईः सीएम सरमा

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई आईएसआई के बुलावे पर पाकिस्तान गए थे। उन्होंने पाकिस्तान की संस्था के साथ मिलकर काम किया। हमारे पास सारे सबूत हैं। हम 10 सितंबर तक हर सबूत पेश करेंगे। एक कार्यक्रम में सरमा ने कहा कि गौरव गोगोई आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे। मैं यह पहली बार कह रहा हूं। हमारे पास इसके दस्तावेज हैं। वह पर्यटन के उद्देश्य से नहीं गए थे। वह निश्चित रूप से प्रशिक्षण लेने के लिए वहां गए थे। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता पाकिस्तान सरकार के सीधे निमंत्रण पर वहां गए थे और यह खतरनाक है।



### 'संसद रत्न' से सम्मानित होंगे देश के 17 सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 17 सांसदों और 2 संसदीय स्थायी समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। ये पुरस्कार संसद में सक्रियता, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने और विधायी कामकाज में योगदान के आधार पर दिए जाते हैं। यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी कमेटी ने किया, जिसकी अध्यक्षता हंसराज अहीर, (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष) ने की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए संसद में उत्कृष्ट योगदान दिया है। चार सांसदों को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और सतत योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।



### आईएमएफ से पाकिस्तान पर लगाए 11 प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार यह बात कह रहे थे कि आईएमएफ को पाकिस्तान को दिए जाने वाले कर्ज पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सहयोग की राशि को आतंकवाद को पालने-पोसने में इस्तेमाल करता रहा है। भारत के इस स्टैंड को एक मायने में सफलता मिलती हुई दिखाई दे रही है क्योंकि आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए 11 नए प्रतिबंधों का एलान कर दिया है। अब पाकिस्तान को घरेलू मोर्चे पर न केवल कुछ नए टैक्स लगाने होंगे, बल्कि उसके द्वारा दिए जा रहे सहयोग का विस्तृत लेखा-जोखा पेश करना होगा। इस कोशिश से आईएमएफ के द्वारा दिए गए धन का किसी भी तरह दुरुपयोग करने पर रोक लग सकती है।



# प्रार्थना सभा में धर्मांतरण की आशंका, मामला दर्ज

## हिंदू संगठन बोले-बीमारी ठीक करने का झांसा दे रहे

**विजय मत, ब्यूरो कवर्धा**

जिले में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। आदर्श नगर क्षेत्र के एक घर में बंद कमरे में प्रार्थना सभा चल रही थी और वहां कई अलग-अलग धर्म और मिशनरी समर्थक के लोग मौजूद थे। महिलाएं अपने बच्चों को लेकर पहुंची थी। इसकी जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। विहिप कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर जय श्री राम के नारे लगाए और हंगामा किया। उनका आरोप है कि फादर थॉमस और उनकी पत्नी यहां गुप्त रूप से धर्मांतरण करा रहे थे। जब वे विरोध करने लगे तो मिशनरियों से झूमाझटकी की स्थिति बन गई।

अंदर कमरे में हुई घटना का वीडियो भी सामने आया है। यहां बड़ी संख्या में लोग दिखे। साथ ही बाइबिल भी रखी हुई थी। विहिप कार्यकर्ताओं ने कहा कि हिंदुओं को कैंसर ठीक करने, जादू टोना भगाने जैसे झांसे में लेकर ब्रेन वॉश कर रहे थे।



### पहले भी लग चुके हैं आरोप

हिंदू जागरण मंच के सदस्य सौरभ सिंह ने कहा कि फादर थॉमस, होली किंगडम स्कूल का प्रिंसिपल है। उस पर पहले भी स्कूल में बच्चों का जबरन धर्मांतरण कराने के आरोप लग चुके हैं। एक मां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फीस माफ करने के नाम वे धर्मांतरण करा रहे हैं।

### जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

सौरभ सिंह ने कहा कि जब हमारी टीम पहुंची तो बचने के लिए वे लोग महिलाओं को आगे कर रहे थे तो झूमाझटकी हो गई। हिंदू संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे कार्यक्रमों पर रोक लगाई जाए और धर्मांतरण की घटनाओं की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

एएसपी पुष्पेंद्र बघेल के मुताबिक, विहिप के शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। पता चला है कि, फादर थॉमस पिछले 25 साल से यहां स्कूल भी संचालित करते हैं और प्रार्थना कराते हैं। वीडियो में फादर थॉमस भी ऐसा ही कुछ कहते सुनाई दिए हैं। फिलहाल जांच की जा रही है। जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर मुलेर में शुरू हुआ अमल

# उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तीन सीसी सड़कों के निर्माण और डोम शेड निर्माण के लिए 21.54 लाख रुपए स्वीकृत

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अति संवेदनशील और सुदूर ग्राम मुलेर में की गई घोषणाएं अब धरातल पर उतरने लगी हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तीन सीसी सड़कों के निर्माण और डोम शेड निर्माण के लिए कुल 21.54 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। बताते चलें कि मुख्यमंत्री श्री साय ने बीते दिनों सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम मुलेर का औचक दौरा कर विकास शिविर का निरीक्षण किया था।



मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने मौके पर स्वास्थ्य, सड़क और सामुदायिक सुविधा से जुड़ी अपनी प्रमुख मांगें रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल स्वीकृति दी और प्रशासन को निर्देशित किया कि कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस त्वरित और जनहितैषी पहल से न केवल ग्राम मुलेर में बुनियादी सुविधाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है, बल्कि शासन की जनकल्याण के प्रति संवेदनशीलता भी देखने को मिली है। पहल शासन और आम जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

# अश्लील वीडियो वायरल होने पर डॉक्टर ने भिलाई में रिश्तेदार के घर फांसी लगाकर की की खुदकुशी

## सुसाइड नोट में खुद को बताया जिम्मेदार, कांकेर में था पोस्टेड

**विजय मत, ब्यूरो भिलाई**

भिलाई में छावनी थाना अंतर्गत टाटा लाइन स्थित एक घर में आयुर्वेदिक डॉक्टर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। डॉक्टर कांकेर जिले के चारामा ब्लॉक के पुरी गांव में पोस्टेड थे। वहां उनका एक अश्लील वीडियो वायरल हो गया था। उसी टेंशन में उन्होंने ऐसा कदम उठाया। डॉक्टर के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। छावनी पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पूछताछ के बाद छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि आयुर्वेदिक डॉक्टर की पहचान बी राठौर के रूप में हुई है। डॉक्टर राठौर दो दिन पहले भिलाई आए थे और यहां अपनी बहन के घर ठहरे हुए थे। रात में खाना खाने के बाद वे अपने कमरे में सोने चले गए। इसके बाद उसने अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब काफी देर तक कमरे से कोई आहट नहीं आई तो परिजनों ने आवाज दी और दरवाजा खटखटाया। इसके बाद भी जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो घरवालों ने दरवाजा तोड़ा और देखा कि उन्होंने फांसी लगा ली है। इसके बाद उन्होंने पुलिस और आसपास के लोगों को बुलाया। पुलिस ने पहुंचकर देखा डॉक्टर ने खिड़की में रस्सी बांधकर फंदा बनाया था और उसी में झूल गया। पुलिस ने फोरेंसिक की टीम को बुलाया। टीम ने पूरी जांच की। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा गया।



**पुलिस को मिला सुसाइड नोट...** जांच के दौरान पुलिस को डॉक्टर राठौर के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें पता चला है कि उसका किसी युवती के साथ आपत्तिजनक वीडियो बन गया है और वो वायरल हो गया है।

# यूएस से भेजे जाने वाले पैसों पर 5% टैक्स लगाने के तैयारी में ट्रम्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार उस पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने की योजना बना रही है, जो विदेशी नागरिक अपने देशों में भेजते हैं। इस पर भारत में चिंता जताई जा रही है, क्योंकि इससे भारतीय परिवारों की आय पर असर पड सकता है। जीटीआरआई ने रविवार को यह बात कही। प्रतिनिधि सभा में 12 मई को एक विधेयक पेश किया गया था। जिसे द वन बिग ब्यूटीफुल बिल कहा जा रहा है। इसमें गैर-निवासियों की ओर से अपने देशों में भेजे जा रहे पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान उन लोगों पर लागू होगा, जो अमेरिका के नागरिक नहीं हैं, जैसे ग्रीन कार्ड धारक या अस्थायी वीजा पर काम करने वाले लोग।



## पुलिस रिमांड में खुलासाः पहलगाम हमले से पहले पाक गई थी ज्योति

**हिसार, एजेंसी।** जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा को लेकर अब तरह तरह के खुलासे हो रहे हैं। कोर्ट ने शनिवार को ही उसे पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा और माना जा रहा था कि पूछताछ में कई तरह के खुलासे होंगे। इस कड़ी में अब एक नई बात सामने आ रही है। एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तान उसे एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था। इसके अलावा ज्योति प्रायोजित यात्राओं पर पाकिस्तान जाती थी। वह पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान में थी।



# 2029 तक देश की हर पंचायत में दो लाख पैक्स की स्थापना करेगी सरकारः शाह

**अहमदाबाद, एजेंसी**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित सहकारी महासम्मेलन कहा कि केंद्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही नए पैक्स के पंजीकरण के लिए नीति लाएगी। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का है, इसके तहत दो लाख नई पैक्स और डेयरी शुरू की जाएंगी। साथ ही इन समितियों को 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, यह बात भी सुनिश्चित की जाएगी कि पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से कमजोर न हों। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही आर्थिक संकट का सामना कर रही पैक्स के निपटारे और नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पंजीकरण के लिए जल्द ही एक नीति बनाएगी।



# डोनाल्ड ट्रंप ने शांति स्थापित कराने का झूठा दावा कियाः खामेनेई

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाल में किए उस दावे को झूठा करार दिया है। ट्रंप ने कहा था कि वह शांति सुनिश्चित करने के लिए अपने पावर का इस्तेमाल करना चाहते हैं। खामेनेई ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि गाजा पट्टी में हो रही हत्याओं को ट्रंप प्रशासन का समर्थन प्राप्त है। अयातुल्लाह अली खामेनेई ने तेहरान में शिक्षकों के साथ एक बड़ी बैठक की। इस बैठक में उन्होंने पश्चिम एशिया के अपने दौरे के दौरान क्षेत्र में शांति की स्थापना के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया दी। तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, क्षेत्र की अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति की हालिया टिप्पणियां वक्ता और अमेरिकी राष्ट्र दोनों का अपमान हैं।



## नक्सल विरोधी अभियान पर विजय शर्मा का बड़ा दावा

# राहुल गांधी की सोच क्लियर नहीं, वह पीठ पीछे गड़बड़ कर रहे हैं

**विजय मत, जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। नक्सल विरोधी अभियान को लेकर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने विपक्ष पर हमला बोला है। विजय शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी पीठ पीछे गड़बड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को लेकर राहुल गांधी की नीति स्पष्ट नहीं है। दरअसल, रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विजय शर्मा से सवाल किया गया था कि बीजापुर के करेंगुट्टा पहाड़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान तेलंगाना से उचित सहयोग क्यों नहीं मिला? इस सवाल के जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि उन्हें लगता है राहुल गांधी पीठ पीछे गड़बड़ कर रहे हैं। राहुल गांधी की नक्सलवाद को लेकर सोच स्पष्ट नहीं है। देश के कई बड़े संकटों में से एक है नक्सलवाद और इसमें भी राहुल गांधी गड़बड़ कर रहे हैं। मेरे पास प्रमाण है जिनके आधार पर मैं यह बात कह रहा हूं।



# सुरेश रैना ने की विराट कोहली को भारत रत्न देने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। विराट के इस फैसले से दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान थे। दिग्गजों ने भी विराट के इस फैसले पर सवाल खड़े किए थे। इसी बीच टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने विराट कोहली को देश का सबसे बड़ा खिताब देने की मांग की है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने विराट कोहली को भारत रत्न देने की बात कही है। कोहली ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। रैना ने सरकार से यह मांग कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद की है। सचिन तेंदुलकर अकेले भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्हें 2014 में भारत रत्न मिला था। रैना ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा कि विराट कोहली ने भारत और भारतीय क्रिकेट के लिए जो कुछ भी किया है, उसके लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।



## 'याचना नहीं, अब रण होगा',

# इंडियन नेवी ने वीडियो जारी कर पाकिस्तान को दी चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े एक नये वीडियो में को सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है। 44 सेकंड के वीडियो में भारतीय नौसेना अपनी ताकत का परिचय दे रही है। वीडियो के साथ नौसेना ने ट्वीट किया, ÷साहस को अपना मार्गदर्शक और कर्तव्य को अपना मार्गदर्शक मानते हुए, भारतीय नौसेना शांति सुनिश्चित करने और सभी खतरों को नष्ट करने के लिए तत्पर है।÷ वीडियो के बैकग्राउंड में रामधारी सिंह दिनकर की रचना रश्मिरथी के 'कृष्ण की चेतावनी' का पाठ किया जा रहा है। इसे आतंकवादियों और पाकिस्तान के लिए चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। वीडियो में बैकग्राउंड से आवाज आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर तबाही मचाते हुए आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया।




## केरल बना देश का पहला राज्य

# दसवीं के विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स शिक्षा अनिवार्य की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल 02 जून से नए शैक्षणिक वर्ष से दसवीं कक्षा के सभी 4.3 लाख विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स शिक्षा अनिवार्य करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। दसवीं कक्षा की सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईसीटी) पाठ्यपुस्तक में रोबोटिक्स को शामिल करने से विद्यार्थियों को आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से मौलिक रोबोटिक्स अवधारणाओं का पता लगाने में मदद मिलेगी। पहले खंड में 'रोबोट्स की दुनिया' नामक छठे अध्याय से इनमें सर्किट निर्माण, सेंसर और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग करना और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नियंत्रित करना शामिल है। यह महत्वाकांक्षी पहल सभी सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कृत्रिम बुद्धि (एआई) सीखने को सुलभ बनाने में केरल की पिछली सफलता पर आधारित है।



## विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर टिप्पणी करने वालासहायक प्रोफेसर अली खान गिरफ्तार


**चंडीगढ़, एजेंसी**

पाकिस्तान के खिलाफ भारत के आपरेशन सिंदूर की रोज प्रेस ब्रीफिंग करने वालीं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सहायक प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोनीपत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने गांव जठेड़ी के सरपंच का बयान दर्ज किया, उसके बाद सहायक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया है। अपने बयान में सरपंच ने बताया कि सोशल मिडिया पर एक दोनों महिला सैन्य अधिकारी और सेना के खिलाफ एक आपत्तिजनक बयान पढ़ा था, जो सहायक प्रोफेसर महमूदाबाद की तरफ से किया गया था। इस मामले में राज्य महिला आयोग की तरफ से डीजीपी को शिकायत दी गई थी। राज्य महिला आयोग ने मध्य प्रदेश में एक मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट के टिप्पणी का हवाला देकर महमूदाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी।

# भारत का संविधान सर्वोच्च है इसके स्तंभों को साथ मिलकर काम करना चाहिए : सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने रविवार को जोर देकर कहा कि न तो न्यायपालिका और न ही कार्यपालिका, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और इसके स्तंभों को मिलकर काम करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें खुशी है कि देश न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर भी विकसित हुआ है और ऐसा करना जारी है। न्यायमूर्ति गवई, जिन्होंने इस सप्ताह की शुरूआत में 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी, ने अपने अभिनंदन समारोह और बार काउंसिल महाराष्ट्र एवं गोवा द्वारा आयोजित राज्य वकीलों के सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ÷न तो न्यायपालिका, न ही कार्यपालिका और न ही संसद सर्वोच्च है, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश का बुनियादी ढांचा मजबूत है और संविधान के तीनों स्तंभ समान हैं। उन्होंने कहा, संविधान के सभी अंगों को एक-दूसरे के प्रति उचित सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति गवई द्वारा सुनाए गए 50 उल्लेखनीय निर्णयों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया।



## न्यूज इन शॉर्ट

### सूने मकान का ताला तोड़ कर चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

गरियाबंद। जिले के राजिम थानाक्षेत्र के एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने रिगफ्तार कर लिया है तथा आरोपी के कब्जे से चोरी किये हुये सोने एवं चाँदी के जेवर को बरामद किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार थाना राजिम में प्रार्थी दशोदा कुर्रे निवासी कौन्दकेरा के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 16.05.2025 को अपने बेटी के साथ दीदी उर्मिला का ईलाज कराने रायपुर गई हुई थी। घर में लाता लगाकर घर की चाबी पडोसी के पास छोड कर चली गई थी। दिनांक 15.05.2025 को रायपुर से प्रार्थिया अपने घर कौन्दकेरा आकर देखी तो घर का ताला टुटा हुआ था, साथ ही कमरे अंदर जा कर देखी तो घर के रखे पेटी का भी तला टुटा हुआ था। जिसमें से 24 तोला चाँदी को पायल, सोने का दोरला माला को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले किया है कि रिपोर्ट पर थाना राजिम में अज्ञात चोर के विरूद्ध चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### बिजली कड़कते ही मोबाइल फटने से युवक की मौत

धमतरी। बिजली कड़कते ही मोबाइल फटने से युवक की मौत हो गई। बिजली कड़कने की आवाज सुनकर घर वालों ने बाड़ी की ओर जाकर देखा तो रोहित जमीन पर पड़ा हुआ था जिसे आसपास के लोगों की मदद से तत्काल रक्तदान के शिवा प्रधान को सूचना दी। युवक को धमतरी अस्पताल में ले जाया गया वहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### भिलाई में 4 लूटेरे गिरफ्तार, लेडीज पर्स और मोबाइल जब्त

भिलाई । जामुल पुलिस ने मोबाइल और पर्स झपटमारी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक युवक और उसके साथ शामिल तीन नाबालिकों को गिरफ्तार किया है।ये सभी आरोपी मिलकर राह चलते लोगों को निशाना बना रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और पीड़ितों द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा।पुलिस के अनुसार झपटमारी की पहली घटना एसीसी अंडर ब्रिज के आगे नहर रोड पर हुई जब एक युवक अपनी बहन को छोड़ने जा रहा था।तभी आरोपी और तीन नाबालिकों ने मिलकर रास्ता रोका और धक्का-मुक्की कर उसकी बहन से मोबाइल और लेडीज पर्स लूटकर फरार हो गए। दूसरी वारदात भी इसी स्थान के आसपास की है जहां ड्यूटी से लौट रहे एक व्यक्ति से रात में मोबाइल छीना गया।

प्रार्थियों की शिकायत पर जामुल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की।फुटेज और हुलिए के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन नाबालिकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल, लेडीज पर्स और नकद रकम बरामद कर ली है।जामुल थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है और नाबालिकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा।

### बाघ की दस्तक से दहशत व्याप्त

कोरबा । कोरबा जिले के पाली वन क्षेत्र में चैतुरगढ़ के आसपास विगत दो-तीन दिन से बाघ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इसके द्वारा एक भैंस का शिकार किए जाने की जानकारी दी जा रही हैं। घटनास्थल पर बाघ के पद चिन्ह भी मिले हैं।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है। हालांकि वन विभाग ने अभी इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन बाघ का आना कोई आश्चर्य की बात नहीं, किन्तु बड़ी सावधानी का विषय जरूर है।जानकारी के अंसार चैतुरगढ की पहाड़ी अचानकमार अभयारण्य से जुडी हैं, जो वन्य जीवों के लिए एक कारीडोर का निर्माण करता है। गर्मी के दिनों में अकसर शेर, बाघ, तेंदुआ अथवा अन्य वन्य जीव अचानकमार से सटे इस वन्य क्षेत्र में पानी और चारे की तलाश में आते-जाते रहे हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# सौगातों से भरा रहा पेंडरवानी और सिरसिदा का समाधान शिविर

विजय मत,ब्यूरो, बालोद।



सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेंडरवानी और गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम जगभाठा सिरसिदा में आयोजित समाधान शिविर के दोनों कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत बालोद जिले में समाधान शिविर जिले के अलग अलग स्थानों में निरंतर आयोजित की जारी है। गुरूर विकासखण्ड के हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान पेंडरवानी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पेंडरवानी के अलावा ग्राम देवकोट, गंगोरीपार, बासीन, परसुली, डढारी, खुंदनी, पेरपार, अकलवारा, सरबदा, फागुन्दाह, दर्रा, कंवर के निवासी शामिल हुए। इसी प्रकार गुण्डरदेही विकासखण्ड के जगभाठा सिरसिदा सहित ग्राम ओटेबंद, डौकीडीह, खप्परवाड़ा, सिरसिदा, परसदा डंग, देवरी (क), अजुर्नी, गोरकापार, पांगरी, सुखरी, तमोरा, सिर्री, तिलोदा, साजा, भेण्डरा, कचान्दुर के निवासी शामिल हुए। आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेंडरवानी के शिविर में विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुगार्नंद साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम श्री रामकुमार सोनकर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उमेश रात्रे एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम जगभाठा सिरसिदा में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारणी पुष्पेंद्र चन्द्राकर, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष श्री प्रमोद जैन, पूर्व विधायक श्री विरेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम चन्द्राकर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख, श्री लेखराम साहू एवं अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के पेंडरवानी कलस्टर में शामिल 13 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 6277 एवं जगभाठा सिरसिदा कलस्टर में शामिल 16 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 4385 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज जिले के दोनो ग्रामों में आयोजित शिविर के अवसर पर हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।

इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और नन्हे मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार को भी पूरा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने ह्लएक पेड़ माँ के नामह्ल अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया।

# तिरंगा यात्रा में लोगों ने सेना के शौर्य को किया सलाम

विजय मत,ब्यूरो,लोरमी।




नगर में जनपद पंचायत एवं नगर पालिका के तत्वाधान में मानस मंच से फव्वारा चौक तक तिरंगा यात्रा निकाला गया। लोगो ने सेना के पराक्रम एवं पड़ोसी देश के आतंकवादी हमले को आरपेशन सिंदूर से उनके लांच पेड को सफलता पूर्वक ध्वस्त करने को नगरवासियों ने भारत माता के जयघोष एवं सेना के शौर्य को सलाम किए।

जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा नागरिक के सुरक्षा ही नही बल्कि देष में आतंकवादियों ने हमारे निर्दोष ,निहत्थे 26 लोगों को उनकी पत्नियों के सामने बर्बरता के साथ हत्या कर दी गई। देश के ऊजार्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को खुली छूट देकर उनकी घर मे घुसकर मारकर देश का बदला लिया। सेना की पराक्रम और शौर्य हमेशा देश के लिए बड़ी चुनौती को जवाब देता रहेगा।

ग्राम बोइरपारा में सरपंच संघ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला गया। इस अवसर पर एसडीएम अजीत पुजारी, विक्रम सिंह, जिलापंचायत सदस्य अनिता कोमल साहू, संजय रत्ना काठले, नगर पालिका अध्यक्ष सूजीत वर्मा, गुरमीत सलुजा, रवि शर्मा, दिनेश कश्यप, राजेन्द्र साहू, डॉ अशोक जायसवाल, विष्वाश दुबे, देवकरण भास्कर, घँशु राजपूत, सीएमओ लालाजी चंद्राकर, अशोक साहू, नरेंद्र खत्री, शिवशंकर यादव, सोहन डड़सेना, घनश्याम यादव, छेदु यादव , आलोक शिवहरे, सुरेश श्रीवास, लक्ष्मी गुप्ता, मन्नू पाठक, देवेंद्र केशरवानी,उत्तम साहू,सूरज रजक, अमित गुप्ता, तितरा राजपूत, युगल राजपूत ,मुकेश जायसवाल, पूर्व फौजी कमल साहू, रामनिवास राठौर,इंजीनियर मयंक साहू, बेदराम पटेल, मदनलाल चंद्राकर, मूलचंद दाहिरे, सुरेंद्र मरावी, धमेंद्र बघेल, फागु राम साहू ,सुरजीत भार्गव, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

विजय मत,ब्यूरो,महासमुंद।



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शनिवार को महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। मार्ग के चौड़ीकरण से लोगों को काफी राहत मिलेगी। गुलशन चौक में महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि केंद्र और राज्य में हमारी भाजपा की सरकार हमेशा जनहित में कार्य कर रही है। लोगों की मांग और समस्या को देखते हुए ही अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आगे कहा महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभकि काफी समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी।

शासन द्वारा कार्य स्वीकृत होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसका भूमिपूजन किया था। कुल 19.86 करोड़ रुपए की लागत से 9.65 किलोमीटर लंबाई तक कार्य होगा। इसमें पुल, पुलिया सहित चौड़ीकरण कार्य होगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, वरिष्ठ नेतागण प्रकाश शर्मा, संदीप घोष, हरवंश सिंह, रोहित चंद्राकर, राधेश्याम साहू, राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, पप्पू ठाकुर,जितेंद्र ध्रुव, रामेश्वर पटवा सहित अन्य उपस्थित थे।

# पर्सनल यूजर आईडी से देता था ट्रेन का कंफर्म टिकट

विजय मत,ब्यूरो,भिलाई नगर।



गर्मी के मौसम में स्कूल की छुट्टियों के चलते रेल यात्रियों की संख्या बढ़ने से कंफर्म टिकट को लेकर मारामारी बढ़ जाती है। सामान्य तौर पर रेलवे की वेबसाइट पर कंफर्म टिकट बुक करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में इस स्थिति का लाभ उठाते हुए टिकट दलालों ने सक्रियता बढ़ा दी है और यात्रियों को कंफर्म टिकट दिलाने के नाम पर अवैध तरीके से काम करने लगे हैं। आरपीएफ भिलाई ने ऐसे ही एक टिकट दलाल को धरदबोचा है। आरोपी अपनी पर्सनल यूजर आईडी से लोगों को कंफर्म टिकट बनाकर देता था।

आरपीएफ क्राईम ब्रांच भिलाई के रेल आरक्षित टिकट दलालों के विरूद्ध धरपकड एवं चेकिंग अभियान के दौरान लेबर कैम्प जामुल, थाना-जामुल, जिला-दुर्ग में श्री खाटू श्याम जी जन सेवा केन्द्र दुकान के संचालक मनोज बिसाई, पिता अर्जुन बिसाई ( 31 वर्ष ) निवासी गणेश नगर राम मंदिर के पास लेबर कैम्प जामुल वार्ड नं. 5 को अपने पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे की टिकट बनाकर उनका अनाधिकृत व्यापार करने के आरोप में गिरफ्तार कर कारवाई किया है। उसके पास आईआरसीटीसी का कोई एजेन्ट आईडी नहीं था। आरपीएफ क्राईम ब्रांच भिलाई ने आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल भिलाई के सुपुर्द किया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्रवाई किया गया।

गौरतलब रहे कि गर्मी के सीजन में कंफर्म टिकट को लेकर मारामारी रहती है। लोगों की मजबूरी का लाभ उठाकर दलाल पर्सनल आईडी से टिकट बुक कर लेते हैं और कंफर्म टिकट के बदले लोगों से मनमाने पैसे वसूलते हैं।

# प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने बीजापुर में आयोजित समाधान शिविर का किया औचक निरीक्षण

विजय मत,ब्यूरो,बीजापुर।



विष्णु देव साय कि मंशा के अनुरूप राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों के समस्या का त्वरित निराकरण करने तथा शासन-प्रशासन का जनता के बीच संवाद स्थापित करने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगरपालिका बीजापुर के विभिन्न वार्ड वासियों एवं जनसाधारण से प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जैतालूर मार्ग पर स्थित हल्बा समाज भवन परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। प्रभारी मंत्री कश्यप कि उपस्थिति पर जनसाधारण में उत्साह देखने को मिला। शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जन साधारण की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने उनके मांगो को पूरा करने के लिए विगत दो माह से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों को निराकृत करते हुए आवेदकों को अवगत भी कराया जा रहा है। वन मंत्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय अपने बीजापुर प्रवास के दौरान जिले के विकास को नई दिशा देने बीजापुर में शांति, सौहार्द्र और अहिंसा के स्थापना के साथ जिले के सर्वांगीण विकास हेतु गहन समीक्षा करते हुऐ जिले के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बीजापुर जिला का गठन एवं उनके निरंतर विकास के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बीजापुर को जिले का स्वरूप प्रदान किया। पहले आतंक और भय का वातावरण होता था लेकिन अब निरंतर विकास शासकीय योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन अधोसंरचना सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल जैसे नागरिक सुविधाओं के विस्तार से बीजापुर जिले का स्वरूप लगातार बदल रहा है। सकारात्मक, बदलाव, का यह सिलसिला जारी रहेगा। मंत्री कश्यप ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया। राजस्व विभाग अर्न्तगत जन्म के तुरंत बाद जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करते हुऐ बताया कि पहले जाति प्रमाण पत्र के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी जो अब आसानी से घर पर पहुंचा कर दिया जा रहा है। इसी तरह रसोई गैस हर किसी को नहीं मिल पाता था जो आज प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रत्येक घरों में रसोई गैस मिल रहा है। मंत्री कश्यप ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को बताते

# छत्तीसगढ़ हॉकी की अनिशा साहू और गीता यादव अर्जेंटीना में दिखाऐंगी जौहर

विजय मत,ब्यूरो,राजनांदगांव।

प्रदेश की बेटियों ने बढाया मान




बैंग्लोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहू और गीता यादव का चयन अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जाने वाले 4 नेसन हॉकी टूनार्मेंट के लिए किया गया है यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है इस 24 सदस्यी टीम में से ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन दिसंबर में होने वालहॉकी जूनियर महिला विश्वकप के लिए किया जायेगा। ज्ञात हो कि कु.अनिशा साहू विगत 4 वर्षो से जूनियर टीम की सदस्य के रूप में शामिल है तथा गीता यादव भी विगत 2 वर्षों से जूनियर इंडिया टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुई है और उन्होने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है।छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया की अर्जेंटीना के रोसारियो में आगामी 25 मई से 2 जून 2025 तक आयोजित होने वाले 4 नेसन टूनार्मेंट में चार देश - अर्जेंटीना, उरुग्वे, चिली और भारत भाग लेंगे। भारतीय टीम अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजनों का आकलन करने और रणनीतियों को परिष्कृत करने के लिए भाग लेने वाले प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। 25 मई से 02 जून तक आयोजित 4 नेशन टूनार्मेंट में भाग लेने के पूर्व कु.अनिशा बेल्जियम,नीदरलैंड और जर्मनी , का दौरा कर चुकी है, भारतीय हॉकी टीम की ओर से यह उसका तीसरा दौरा होगा जब वह जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी।

इसके साथ ही गीता यादव ने भी बहुत कम समय में यह मुकाम हासिल किया है उसने 2 वर्ष के भीतर ही टीम में अपना स्थान बनाया है गीता यादव पूर्व में नीदरलैंड और बेल्जियम का दौरा कर चुकि है।

छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव श्री मनीष श्रीवास्तव ने बताया की यह बढे ही गर्व का विषय है कि आज प्रदेश की दो बेटियां देश के लिए खेलने जा रही है गीता यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहले वाली है जिसे सुरवती समय उनके पहले कोच शिव सिंह चौहान ने हॉकी खेलना सिखाया।

खास-खबर

संपत बोले, अब भारत आतंकी हरकतें बर्दाश्त नहीं करेगा

# तिरंगा यात्रा में विधायक संपत अग्रवाल ने पहलगाम हमले के वीर शहीदों को किया नमन



विजय मत,ब्यूरो,महासमुंद।

एकता, शौर्य और राष्ट्रभक्ति के रंगों से सजी महासमुंद की सड़कों पर शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकली, जिसने हर दिल में देशप्रेम की भावना को गहरा कर दिया। बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भूतपूर्व सैनिक संगठन के तत्वावधान में टाउन हॉल से निकली यह यात्रा भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के प्रति सम्मान व्यक्त करने और पहलगाम हमले में वीरगति को प्राप्त हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित की गई थी। अग्रवाल ने कहा कि अब भारत देश इस तरीके की हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। पूरा छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। हम देश की सेना को उसके साहस और उत्साह के लिए बधाई देते है उनका मनोबल बढ़ाते है ।

### देश की वीरता और प्रतिबद्धता का उत्सव

इस अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने वीर जवानों के साहस को सलाम करते हुए कहा, ₹भारतीय सेना ने आतंकवादियों के गढ़ में घुसकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। हमारे जवानों ने अदम्य साहस का प्रदर्शन कर आतंक के ठिकानों को तबाह किया। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस प्रतिघात की ताकत दिखाई है, उसने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि अब भारत किसी भी आतंकी दुस्साहस को बर्दाश्त नहीं करेगा।अग्रवाल ने पहलगाम हमले पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि निर्दोष पर्यटकों को धर्म पूछकर मौत के घाट उतारना मानवता पर सबसे बड़ा आघात है, जिसका करारा जवाब सेना ने दे दिया है। ₹हमारी माताओं और बहनों के माथे से सिंदूर पोछने का दुस्साहस आतंकियों ने किया था, और हमने उनके ठिकानों को पल भर में नेस्तनाबूद कर दिया।

### तिरंगे के साए में उमड़ा जनसैलाब

तिरंगा यात्रा में सांसद रूप कुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक पूनम चंदेल एवं अवधेश चंदेल, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। पूरे नगर में तिरंगे के रंगों से सजी यह यात्रा राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करते हुए आगे बढ़ी। भारत की एकता और अखंडता का संदेश देने वाली इस यात्रा ने आम नागरिकों में गर्व और सम्मान का भाव जागृत किया।

## न्यूज़ इन शॉर्ट



### महोबा बाजार में पॉलीथिन जब्त, निगम ने की चालानी कार्यवाही

रायपुर। आज नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निदेर्शानुसार नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों सहित नगर निगम जोन 8 के जोन स्वास्थ अधिकारी गोपीचंद देवांगन एवं सफाई मित्रों द्वारा मोहबा बाजार में मेरा बाजार स्वच्छ बाजार अभियान चलाकर जनजागरण किया गया. वहीं प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर विशेष मुहिम चलायी गयी, जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की गयी, जिसमें दुकानदारों को पॉलीथिन न रखने की समझाईश दी गयी एवं चालानी कार्यवाही की गई । साथ ही कपड़े का बैग रखने और ग्राहकों को प्रदान करने कहा गया । इस दौरान पॉलीथिन को जप्त किया गया।

### ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 15 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर। दोना पत्तल का व्यवसाय कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 15 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिचल सिन्हा 27 वर्ष पुलिस आवासीय परिसर गोबरानवापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सुनील कंसारी ने प्रार्थी को दोना पत्तल का व्यवसाय करने का झांसा देकर प्रार्थी से 15 लाख 94 हजार 390 रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी के शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कर्मचारी ने किया लाखों रुपए का हेराफेरी, जुर्म दर्ज

रायपुर। भुटानी इंटरनेशनल प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी ने 20 लाख का हेराफेरी कर अमानत में ख्यानत किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमेश कुमार 43 वर्ष दुबे कॉम्पलेक्स उरकुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि भुटानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी संदीप कुमार 43 वर्ष ने कंपनी के 20 को अपने खाता में जमा कराकर अमानत में ख्यानत किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट कर मोबाइल की लूट, जुर्म दर्ज

रायपुर। ग्रीन वैली विशाल नगर में एक युवक ने गाली-गलौज कर मोबाइल फोन लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोहित कुमार 22 वर्ष ग्रीन वैली विशाल नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी कोणाल वैष्णव ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मोबाइल फोन लूट लिए। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 15 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर। दोना पत्तल का व्यवसाय कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 15 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिचल सिन्हा 27 वर्ष पुलिस आवासीय परिसर गोबरानवापारा का रहने वाला है।

सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की

# आईजी अमरेश मिश्रा ने ली समीक्षा बैठक, कानून व्यवस्था और यातायात सुधार को लेकर दिए अहम निर्देश

**विजय मत,रायपुर।**

रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अमरेश मिश्रा ने सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह, जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान आईजी अमरेश मिश्रा ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की जानकारी दी। इनमें नवीन आपराधिक कानूनों का प्रभावी पालन, यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना और जनउन्मुखी कार्यों को प्राथमिकता देने की बात प्रमुख रही। आईजी मिश्रा ने



एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को शीघ्रता से निपटाने और नवीन आपराधिक कानून के तहत चालान 60 या 90 दिवस की सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विवेचना में गति लाकर प्रभावी कार्यवाही की जाए और सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस मित्र बनाकर ग्रामीणों से समन्वय स्थापित किया जाए। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए उन्होंने आगामी दिनों में नए उपाय अपनाने की बात कही। शराब पीकर वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना, अवैध पार्किंग, बिना हेलमेट वाहन चलाना जैसे उल्लंघनों पर विशेष अभियान चलाने और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, मालवाहक वाहनों की नियमित बैठकें आयोजित करने और जिन थाना क्षेत्रों में अब तक बैठक नहीं हुई, वहां जल्द बैठक सुनिश्चित करने को कहा। आईजी मिश्रा ने अवैध शराब बिक्री, तस्करी एवं नशीले पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में नशे का कोई भी सामान बिकने न पाए। इस हेतु नारकोटिक एक्ट और आबकारी एक्ट के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाए। बैठक में कानून व्यवस्था की मजबूती और आम जनता को बेहतर सेवाएं देने पर विशेष बल दिया गया।

## समाधान शिविरों में किया जा रहा छत्तीसगढ़ जनमन का वितरण



**विजय मत,रायपुर।**

जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन नये क्लेवर के साथ मार्च का अंक प्रकाशित किया गया है। बाहरी पृष्ठ पर उत्साहित आमजनों के रंगीन छायाचित्र के साथ प्रगति के बजट पर सुशासन का चित्र अंकित है।

सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रकाशित जनमन और अन्य विभागीय ब्रोसर का वितरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ जनमन में आकर्षक एवं महत्वपूर्ण जानकारी से भरे उक्त अंक का वितरण सुकमा जिले के फुलबगड़ी में आयोजित समाधान शिविर में भी किया गया। शिविर में विभाग के द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीण जनमन को पाकर उत्साहित नजर आये। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ जनमन उक्त अंक में राज्य सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों, शासन की योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए उठाए गए कदमों की जानकारियों का समावेश है।

# 20 जून तक कुम्हारी ब्रिज का मरम्मत, दुर्ग से रायपुर आने वाला ट्रेफिक रहेगा बाधित

**विजय मत,रायपुर।**

लोक निर्माण विभाग के द्वारा खारून नदी ब्रिज का मरम्मत कार्य कल से शुरू हो रहा है इसके चलते दुर्ग से रायपुर आने वाला ट्रेफिक व्यवस्था 20 जून तक बाधित रहेगा। प्रति रात्रि 02 घण्टे (रात्रि 02 बजे से 04 बजे तक) दुर्ग से रायपुर आने वाला ब्रिज पूर्णतः बंद रहा करेगा।

इसके बाद 1 जून से 20 तक 24 घण्टे ब्रिज के ऊपर एक्सपान्सन ज्वाइंट चेंज (डामर उखाड़ कर) बी.सी. वर्क एवं रेलिंग बदलने का कार्य किया जायेगा। इसके चलते 20 जून तक दुर्ग से रायपुर आने वाला ट्रेफिक बाधित रहेगा। यातायात के वैकल्पिक संचालन के लिए मरम्मत कार्य वाले ब्रिज को डिवाइडर लगाकर दो भागो/लेन में



बांटा जायेगा। एक लेन में मरम्मत कार्य चलेगा और डिवाइडर के दूसरी ओर सिंगल लेन में ट्रैफिक चलता रहेगा। ब्रिज मरम्मत के दौरान दुर्ग से रायपुर जाने वाले यात्री वैकल्पिक मार्ग के तौर पर निम्नानुसार मार्ग का उपयोग कर सकते है-भिलाई सेक्टर एरिया से उतई-सेलूद-दौर-घुघुवा-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर रायपुर, पुरानी भिलाई चौक (सिरसा गेट)-ग्राम सिरसा औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर-रायपुर तथा रायल खालसा-ग्राम उरला-परसदा-अमलेश्वर-रायपुर शामिल है।

## राज्यपालडेका से ईशा फाऊंडेशन संस्था के स्वयंसेवकों ने सौजन्य भेंट की



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहाँ राजभवन में ईशा फाऊंडेशन संस्था के स्वयंसेवकों डॉक्टर संगीता अग्रवाल, डॉक्टर संगीता नागराज एवं श्री नीलेश अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की।

## लर्निंग लाईसेंस मिलने पर विमला वंडो के चेहरे पर आई मुस्कान

**विजय मत,रायपुर।**

सुशासन तिहार के चलते आमजनों की समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण होने से लोगों के चेहरों पर मुस्कान आने लगा है। अब जनता का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ने लगा है। सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा विकासखंड के ग्राम जीरमपाल में आयोजित समाधान शिविर में परिवहन विभाग के स्टाल में विमला वंडो ने लाईसेंस बनवाने के लिए आवेदन किया था। जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के द्वारा जरूरी औपचारिकता पूरी करने के बाद एक सप्ताह में विमला वंडो का लर्निंग लाईसेंस बनाकर प्रदान किया गया। लाइसेंस बन जाने से वे बहुत खुश हैं। विमला वंडो ने कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण और लाभकारी पहल है, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। गांवों में समाधान शिविर लगने से आवेदकों का समय और राशि दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने लर्निंग लाईसेंस मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन के प्रति




ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में सुकमा जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चिन्हांकित पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी प्रकार कोंटा विकासखंड के गोरगुंडा निवासी मड़कम माड़ा ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने भी लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन किया था। 1 सप्ताह के अंदर उसे भी लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। समाधान शिविर के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आम जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।

## बकरा मार्केट संजय नगर में अवैध कब्जे हटाने के निर्देश ?

**विजय मत,रायपुर।**

आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने पार्षदों और अधिकारियों सहित शहर के विभिन्न नालों की बारिश पूर्व सफाई को देखा. महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने जोन 5 के तहत कुशालपुर गली नम्बर 1 से 15 तक के जलभराव क्षेत्रों, जोन 6 में पचपेड़ीनाका चौक में मार्बल लाईन नाला, धरम नगर नाला, छत्तीसगढ़ नगर नाला, जोन 5 क्षेत्र में कुशालपुर नाला और छुईया तालाब, इंडोर स्टेडियम के पीछे का नाला, जोन 6 क्षेत्र में संतोषी नगर नाला, संजय नगर बकरा मार्केट का निरीक्षण किया. इस दौरान महापौर और आयुक्त सहित जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पण्डित वामनराव लाखे वार्ड पार्षद बब्बी



सोनकर,निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 4,5,6 के जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति रही. निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप द्वारा संजय नगर बकरा मार्केट में कब्जाधारियों को नोटिस देकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए पचपेड़ीनाका में मार्बल लाईन नाला की सफाई बारिश पूर्व तले तक लद्दी निकालकर करने और नाले पर बनाये अवैध पाटों को तोड़कर सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं. निर्देश दिए गए हैं कि राजधानी शहर में जहां कहीं भी सफाई में बाधा हो, वहाँ पाटे तत्काल तोड़कर सफाई करवाकर बारिश पूर्व निकास सुगम बनाया जाये. सम्पूर्ण नाला सफाई कार्य मई माह की 30 तारीख तक पूर्ण करवाने निर्देशित किया गया है.

महापौर और आयुक्त ने कुशालपुर छुईया तालाब की शीघ्र सफाई यथासम्भव करवाने निर्देश दिए हैं.

**खास-खबर**

आध्यात्मिक समिति की पहल पर जारी अभियान में 72वें सप्ताह भी पहले की तरह ही जोश कायम

# महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों में उत्साह से राम रक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

**विजय मत,रायपुर।**

महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की पहल पर हर शनिवार को होने वाला राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ 17 मई को 72वें सप्ताह भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। रोहिणीपुरम, डंगनिया, कोटा, टाटीबंद, अमलीडीह, बूढ़ापारा समेत अधिकांश केंद्रों की महिलाओं ने अपने सदस्यों के घरों अथवा आसपास के मंदिरों में हनुमान चालीसा और राम रक्षा स्तोत्र का पाठ किया। आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि शनिवार शाम को टाटीबंध महिला केंद्र की टीम ने गणेश मंदिर हाल में हनुमान चालीसा और राम रक्षा स्तोत्र का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान अंजलि खेर, कुंदा अत्रे, सोनल पेंदे, हर्षा पेदे, सारिका पोराटे, अंजलि देवोधी, रचना विंचुलकर, विनिता मरकले, नंदा दहिकर, रश्मि गोवर्धन, संगीता देशपांडे, वंदना आठले, जया देशमुख, रेणु देशमुख



और लीना साठे प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। आस्था के मुताबिक रोहिणीपुरम केंद्र की महिलाओं ने प्राची गनोदवाले के घर पर राम रक्षा और हनुमान चालीसा का मिलकर पाठ किया। आयोजन में अलका कुलकर्णी, अचला मोहरीकर, अपर्णा जोशी, अपर्णा वराडपांडे, चित्रा बलकी, मीरा कुपटकर, साधना बहिरट, सौ. गनोदवाले, मंगला पुराणकर सहित अनेक सभासदों ने एक स्वर में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। डंगनिया केंद्र की महिलाओं ने महाराष्ट्र मंडल में अपनी नियमित बैठक आयोजित कर राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान अनुभा जाऊलकर, दिव्या पात्रीकर, दीपांजलि भालेराव, प्रीति रणधीरे, प्रीति काले, प्रियंका, रश्मि, श्रद्धा देशमुख, श्रद्धा मरघड़े, चित्रा जावलेकर, अनुजा महाडिक, नमिता शेष, संध्या अनिल कुमार, विजया भाले, शिल्पा पराड़, ज्योति डोलस, अर्चना कुलकर्णी, अनामिका महाजन और शुभांगी रूद्रजवार सहित अनेक श्रद्धालु महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कोटा केंद्र की महिलाओं ने वरिष्ठ सदस्य वैजयंती शेंडे के कबीर नगर स्थित घर पर राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस कार्यक्रम में मोहिनी भिड़े, मल्लेवार, आरती दिवाटे, सौ. हेलोडे, सुदक्षिणा शेंडे, जया देशमुख, माधुरी इंगोले, वैशाली पुरोहित, वंदना कालमेघ, श्वेता खरे, विदुला चिखलीकर, प्रीति यादव, वर्षा चोपकर, शुभांगी शेंडे, गौरी शेंडे सहित बहुत सी महिलाओं ने सामूहिक पाठ में अपने स्वर भी मिलाए। अमलीडीह केंद्र की महिलाओं ने रजत प्राइम में राम रक्षा और हनुमान चालीसा का मिलकर पाठ में किया। इस दौरान अर्चना भाकरे, अर्चना धर्माधिकारी, अक्षरा भगाडे, नीता डूमरे, सुगंधा, ममता जगताप, प्रिया काडु, प्रेरणा सप्रे, मेघा जोशी, शोभा सोनाये, ऋतिका चंदेल समेत केंद्र की अन-?य महिलाओं ने एक स्वर में पाठ किया। इनके अलावा भी महाराष्ट्र मंडल के कई केंद्रों में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का एक साथ पाठ किया गया।

## कोकीन के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त

**विजय मत,रायपुर।**

कोकीन के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार हुए है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत महावीर नगर स्थित रामरामा रेसिडेंसी के पास चारपहिया वाहन में कुछ व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन रखें है और बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर. पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर को आरोपियों को प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन के साथ रंगेहाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के



निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहन एवं हुलिए के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम शुभांक पॉल, सागर पीटर तथा सिद्धार्थ पाण्डेय निवासी रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उनकी चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7.48 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन, नगदी रकम तथा घटना में प्रयुक्त 03 नग आईफोन एवं 01 नग चारपहिया वाहन सीजी/04/एम व्ही/1022 जुमला कीमती लगभग 9,00,000/- रुपए जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 21, 22 नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# खेल कूद और देश की प्रतिष्ठा जवानों के नाम

देश की प्रतिष्ठा जवानों के नाम है सबसे बड़ा खिलाड़ी देश के सैनिक हैं खेल कूद मानव जीवन के लिए एक वरदान है जो उसे स्वस्थ्य रखने के लिए उपहार स्वरूप मिली है खेल में भाग लेने से सबसे पहला लाभ स्वास्थ्य ही है क्योंकि खेल का मैदान वह स्थान है जो स्वास्थ्य पर एक स्थायी छाप छोड़ता है यह शरीर का एक ऐसा ढ़ाचा तैयार करता है जो चुस्त फुर्तीला और बलिष्ठ होता है खेल शरीर को स्वस्थ और स्फूर्तिमय बनाये रखता है खेल कूद के दौरान शरीर के लगभग सभी अंगों का व्यायाम हो जाता है, शारीरिक व्यायाम को विभिन्न कारणों से किया जाता है जिसमें मांसपेशियों और हृदयतंत्री प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, एथलीटिक कौशल को बढ़ाना, वजन घटाना या उसे बनाए रखना तथा मनोरंजन आदि शामिल हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। यदि किशोर शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं हैं तो उनके बीमार होने का जोखिम बहुत है।बार बार और नियमित रूप से किया गया व्यायाम प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और हृदय रोग, हृदयतंत्री रोग टाइप टू का मधुमेह तथा मोटापे जैसी जीवन शैली से संबंधित बीमारियों की रोकथाम में सहायता करता है। शरीर की मांसपेशिया सुदृढ़ बनती है और काया निरोगी रहती है एक प्राचीन कहावत है ÷पहला सुख निरोगी काया÷ सत्य ही है कि निरोग शरीर जीवन का सर्वश्रेष्ठ सुख है जब शरीर स्वस्थ्य होगा तो मनुष्य अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन और जीवन के सुखों का आनन्द उठा सकता है लेकिन आजीवन स्वास्थ्य सुखों का लाभ पाने के लिए शारीरिक क्षमताओं का विकास होना जरुरी होता है जो खेल के मैदान में सरलता से विकसित हो जाता है खेल का जीवन में समर्पण की भावना विकसित करने में मूल्यवान भूमिका होती है खेल के मैदान में खिलाड़ी निष्पक्षता, न्याय और हार दृ जीत दोनों को समान रूप से ग्रहण करता है अपने प्रतिद्वंदी के प्रति सहज भाव रखता है वह जानता है कि खेल में कभी जीत होती है, तो कभी हार होती है।

नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# विश्व में लिंग चयनात्मक गर्भपात के प्रचलन को जीरो टॉलरेंस पर लाना समय की मांग

किशन सनमुखदास भावनानी

“इसी क्रम एक दौर भारत में भी एक था,1994 से पहले का जब लिंग चयनात्मक गर्भपात अति तेजी के साथ हुआ था और अधिकतम लोग इस तर्ज पर बेटियों का गर्भ नष्ट कर देते थे, जिसमें स्त्री पुरुष अनुपात में भारी डिफरेंस हो गया इसके पश्चात सरकारें जागी व लिंग चयन प्रतिरोध अधिनियम 1994 बनाया जो 1 जनवरी 1996 को प्रवेश पूर्व निदान तकनीकी (विनियमन व दुरुपयोग निवारण) अधिनियम 1994 लागू किया गया जिसमें 14 फरवरी 2003 को संशोधन कर अधिनियम का नाम गर्भधारण पूर्व और प्रवेश पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिरोध) अधिनियम 1994 रखा गया।”

वैश्विक स्तरपर एक ज़माना था जब लिंग भेद अपनी चरम सीमा पर था और दुनियां के अनेक देशों में लिंग चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन तेजी से बढ़ा था जिसके कारण लिंग अनुपात में तेजी से डिफरेंस बढ़ता चला गया,इस बीच दुनियां की सरकारें जागी और अनेक ऐसे कार्यक्रम, कानून नियम विनियम,व्यवस्थाएं जन जागरण अभियान चलाए गए जिससे इस कुप्रथा पर नकेल कस्ती चली गई,जो कुछ हद तक इस प्रथा पर नियंत्रण रखनेमें सरकारें कामयाब रही,परंतु फिर भी लिंग भेद की यह प्रथा वैश्विक स्तरपर पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है बल्कि चालू है, पर नियंत्रण में है। बता दें मेरा मानना है कि इस अधिनियम को लाने में देर हो गई थी जिसका परिणाम हम आज हर समाज व धर्म में भुगत रहे हैं क्योंकि,आज 1990 की उम्र के अनेक लड़के अनेक समाजों में हमारे बैठे हैं उस अनुपात में लड़कियां नहीं मिल रही है, क्योंकि आज लड़की वाले एज डिफरेंस की स्थिति को भी देख रहे हैं, इसलिए जो हमने 80- 90 के दशक में स्पीड से लिंग चयनात्मक गर्भपात किए थे उसके परिणाम आज उस उम्र के अनुपात में लड़कियों के नहीं मिलने से हो रहा है, जो मैंने प्रत्यक्ष रूप से इसका सटीक उदाहरण अनेक समाजों में देखा हूं। इसलिए ही भारत में भी राष्ट्रीय बेटी दिवस भी मनाया जाता है।और 22 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस भी मनाया जाता हैं अब हंस्ती है बेटियां तो मोती झड़ते हैं,चलती है लहराके तो फूल खिलते हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विश्व में लिंग चयनात्मक गर्भपात के प्रचलन को जीरो टॉलरेंस पर लाना समय की मांग है, व बेटे को प्राथमिकता देने की परंपराओं को समाप्त कर सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देना जरूरी है।



साथियों बात अगर करीब करीब अनेकों समाजों की करें तो जहाँ छोटी लड़कियों को अभी भी बोझ और लड़कों की तुलना में कम मूल्यवान माना जाता है।आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों के कारण बेटे को प्राथमिकता देना सदियों पुराना विचार है, फिर भी यह आज भी एक वास्तविकता है।भारत और चीन में लिंग-चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन है,लेकिन इसे एशिया मध्य पूर्व, पूर्वी यूरोप और अन्य जगहों पर भी दर्ज किया गया है। इस उत्सव का उद्देश्य लड़कियों से जुड़े कलंक को पहचानना, बेटे को प्राथमिकता देने वाली परंपराओं को खत्म करना और सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देना है।डॉटर्स डे दुनियां भर में माता पिता और उनकी बेटियों के बीच अनोखे रिश्ते का सम्मान करने के लिए मनाया जाने वाला एक खास अवसर है।भारत में,परिवार और समाज में बेटियों के प्यार, सम्मान और महत्व को उजागर करता है।

साथियों बात अगर हम बेटियों के प्रति सहानुभूति पूर्वक और उत्साह से जनजागरण के 5 कारणों की करें तो (1) बेटियाँ परिवारों को पोषित करने और मजबूत भावनात्मक बंधन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेटियों की इस भूमिका का जश्न मनाने और परिवार इकाई में उनके योगदान को पहचानने का एक अवसर है। चाहे वह प्यार, देखभाल या जिम्मेदारी के माध्यम से हो,बेटियाँ एक विशेष ऊर्जा लाती हैं जो पारिवारिक जीवन को समृद्ध बनाती है।(2) इसका एक मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है भारत में, सामाजिक मानदंडों ने अक्सर बेटों को बेटियों की तुलना में अधिक महत्व दिया है, जिससे महत्वपूर्ण लैंगिक असंतुलन पैदा होता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि बेटियाँ भी उतनी ही मूल्यवान हैं और उन्हें बेटों के समान ही प्यार, शिक्षा और अवसर दिए जाने चाहिए। यह भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण से लड़ने में मदद करता है और लिंग के बावजूद बच्चों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करने के विचार को बढ़ावा देता है। (3) कई क्षेत्रों में, पारंपरिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं ने बेटों को प्राथमिकता दी है, खासकर विरासत और पारिवारिक वंश के संदर्भ में। बेटियों का दिन लड़कियों के महत्व और एक संपूर्ण जीवन के उनके अधिकार पर जोर देकर इन पुरानी मान्यताओं को चुनौती देता है। यह उत्सव परिवारों को अपनी बेटियों को उनके लक्ष्यों और सपनों को प्राप्त करने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करता है, चाहे वे व्यक्तिगत हों या पेशेवर।(4) बेटियों के प्रति जन जागरण सशक्तिकरण के बारे में भी है। यह माता पिता और अभिभावकों को अपनी बेटियों को यह याद दिलाने का मौका देता है कि वे मजबूत हैं, सक्षम हैं और दुनिया द्वारा दिए जाने वाले हर अवसर की हकदार हैं। बेटियों का दिन मनाकर, माता-पिता अपनी बेटियों में आत्मविश्वास पैदा कर सकते हैं, उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं और अपने लिए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। (5) माता-पिता और बेटी के बीच का रिश्ता अक्सर अपने गहरे भावनात्मक जुड़ाव के लिए संजोया जाता है। बेटियों के प्रति जन जागरण माता पिता को विचारशील इशारों, उपहारों या साथ में गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के माध्यम से इस बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। चाहे वह एक साधारण दिल से की गई बातचीत हो, परिवार के साथ बाहर घूमना हो या कोई खास तोहफा हो, यह दिन बेटियों को यह दिखाने का सही अवसर प्रदान करता है कि वे परिवार के लिए कितना महत्त्वपूर्ण मायने रखती हैं।

साथियों बात अगर हम बेटियों के प्रति जन जागरण अभियान की करें तो, दुनियां के कुछ हिस्सों में, लड़के बच्चों को लड़कियों से ज़्यादा महत्व दिया जाता है। यह जन जागरण अभियान लड़के और लड़की दोनों के लिए समान महत्व को बढ़ावा देता है।लड़कियों को शिक्षित किया जा सकता है और उन्हें समान अवसर दिए जाने चाहिए। अपनी बेटी का जश्न मनाएँ। अपनी बेटियों के साथ दिन बिताएँ। उन्हें आपको कुछ ऐसा सिखाने दें जो आप पहले से नहीं जानते। उनकी आकांक्षाओं को सुनें। चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, इस बात का इंतज़ार करें कि हमारी बेटियाँ हमको कहाँ ले जाएँगी। रोमांच हमारे सामने हैं। उत्सवों की तरह ही हमारी बेटियाँ भी कई तरह के व्यक्तित्वों वाली होती हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# सोशल मीडिया पर देह की नुमाइश : सशक्तिकरण या आत्मसम्मान का संकट?

प्रियंका सौरभ

“क्या हो गया है आजकल औरतों को? सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा है - देह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में, और कहीं ज़ूम इन होती नज़रों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन - अपनी चपल देह की अदा का। मानो देह ही पहचान बन गई हो। सच पूछो तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी न हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक प्रॉडक्ट बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज़ बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो।”

सोशल मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़? क्या हम सच्ची आज़ादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं? क्या आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है? क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है? यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती है, जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे? वो जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल हाट बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मर्यादा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसके चोली के घेरे और पिंडलियों की नुमाइश में सिमट कर रह गया है। यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें बोल्ड होने का झूठा अर्थ बदन दिखाने से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आज़ादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े? औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है, या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़?




सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं? क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं, अपनी असली पहचान को खोकर बस एक देह भर बनती जा रही हैं? नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा, और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि केवल बदन दिखाने का अधिकार। ये तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो। सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे? आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज़ देना ही अगर बोल्डनेस है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या? क्या यही है सशक्तिकरण का असली मतलब? क्या हमारा समाज वाकई इतना सतही हो गया है कि हम केवल बदन के आधार पर किसी की कीमत आंकने लगे हैं?

सोचिए, आज जो महिलाएं देह प्रदर्शन को सशक्तिकरण मान रही हैं, क्या वो सच में खुद को सशक्त महसूस करती हैं? क्या उन्हें पता है कि वो केवल एक डिजिटल उत्पाद बनकर रह गई हैं, जिनका मूल्य केवल उनके शरीर के आकार और नृत्य कौशल से मापा जाता है? यह समस्या केवल महिलाओं की नहीं है, बल्कि उस पूरी डिजिटल संस्कृति की है, जिसने नारी शरीर को एक मनोरंजन सामग्री बना दिया है। वो शरीर जो कभी मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक था, आज महज़ व्यूज़ और फॉलोअर्स की भूख का साधन बन गया है। तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे? आखिर सवाल यह है कि क्या देह का प्रदर्शन वाकई सशक्तिकरण है या बस एक भ्रम? क्या आज की नारी अपनी असली पहचान से दूर होती जा रही है, जहां उसकी शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास की जगह सिर्फ उसके शरीर का आकार और आकर्षण ही अहम रह गया है? यह डिजिटल युग हमें नई संभावनाओं और अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है, पर क्या यह स्वतंत्रता वाकई हमें आज़ाद कर रही है या बस एक और जाल में फंसा रही है?

नारी स्वतंत्रता का अर्थ केवल कपड़ों की लंबाई या शरीर के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। असली स्वतंत्रता है अपने विचारों, अधिकारों और आत्मसम्मान की रक्षा करना। यह वो स्वतंत्रता है, जो एक नारी को उसकी असल पहचान देती है - एक शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त इंसान के रूप में। सोशल मीडिया पर जिस दिखावे की होड़ मची है, वह केवल लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की गिरावट का प्रतीक है। यह एक डिजिटल पिंजरा है, जहां औरतें खुद को स्वतंत्र मानते हुए भी एक गहरे बंधन में बंधी हुई हैं। हमें यह समझना होगा कि असली सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता, शिक्षा और आत्मसम्मान में है, न कि केवल देह प्रदर्शन में। अगर हमें सही मायनों में नारी शक्ति को बढ़ाना है, तो हमें इस भ्रम से बाहर आना होगा और एक ऐसा समाज बनाना होगा, जहां औरतें अपनी पहचान अपने विचारों से बनाएं, न कि केवल अपने शरीर से।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार


# गणि राजेन्द्र विजय : दांडी पकड़े गुजरात के उभरते हुए ‘गांधी’

ललित गर्ग

प्राचीन समय से लेकर आधुनिक समय तक अनेकों संत-मनीषियों, धर्मगुरुओं, ऋषियों ने भी अपने मूल्यवान अवदानों से भारत की आध्यात्मिक परम्परा को समृद्ध किया है, इन महापुरुषों ने धर्म के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी स्वर बुलंद किए। ऐसे ही विलक्षण एवं अलौकिक संतों में एक नाम है गणि राजेन्द्र विजयजी। वे आदिवासी जनजाति के होकर भी जैन संत हैं, और जैन संत होकर भी आदिवासी जनजीवन के मसीहा संतपुरुष हैं। वे आदिवासी जनजीवन का एक उजाला है, जो पिछले पांच दशक से गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में उनके उन्नयन एवं उत्थान के लिये संघर्षरत हैं। 19 मई 2025 को गणिजी अपने जीवन के 51वें बसंत में प्रवेश कर रहे हैं। डॉ. गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर विशेष जागरूक हैं, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय का निर्माण उनके प्रयत्नों से हुआ है, वहीं कन्या शिक्षा के लिये वे ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला का संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी किसानों को समृद्ध बनाने एवं उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाने के लिये उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में सुखी परिवार ग्रामोद्योग को स्थापित किया है। इनदिनों वे आदिवासी क्षेत्र में मेडिकल विश्वविद्यालय बनाने की योजना पर कार्यरत है। वे अखिल भारतीय सनातन संत समाज के संगठन में आदिवासी क्षेत्र के संतत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे आदिवासी अधिकारों के लिये व्यापक संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें संगठित कर रहे हैं, उनका आत्म-सम्मान जगा रहे हैं। गणि राजेन्द्र विजयजी द्वारा संचालित प्रोजेक्ट एवं सेवा कार्यों की मोटी सूची में मानवीय संवेदना की सौंधी-सौंधी महक फूट रही है। लोग गांवों से शहरों की ओर पलायन रहे हैं, लेकिन गणि राजेन्द्र विजयजी की प्रेरणा से कुछ जीवट वाले व्यक्तित्व शहरों से गांवों की ओर जा रहे हैं। मूल को पकड़ रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे-‘भारत की आत्मा गांवों में बसती है।’

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8371



### बाएँ से दाएँ

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफन किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

### ऊपर से नीचे

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2


### शब्द पहेली -8370 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | म | रा | य | | सा | व | धा | न |
| रा | | ह | म | स | फ | र | | फ |
| ध | न | | | ली | | | का | र |
| ना | क | | ना | का | रा | | न | त |
| | ब | हा | र | | श | र | भ | |
| खो | ज | | द | ह | न | | र | म |
| फ | न | | | र | | | ना | न |
| ना | | स | र | फ | रो | श | | च |
| क | र | त | ब | | ना | मा | व | ली |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

19 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




**सोमवार** 2025 वर्ष का 139 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 06.12 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** श्रवण 19.30 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 05.53 बजे तदनन्तर ब्रह्म 04.36 बजे प्रातः को समाप्त।
**करण** वणिज 06.12 बजे तदनन्तर विष्टि 18.07 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 47’
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872349
**जूलियन दिन** 2460814.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 20

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.02 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मिथुन | 07.04 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.18 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.34 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.46 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 15.57 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.11 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.27 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.32 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | कुंभ | 00.19 बजे से |
| | | मीन | 01.52 बजे से |
| | | मेष | 03.22 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### भोपाल-इंदौर समेत 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# विदिशा, राजगढ़ जिले में तेज हवाओं के साथ पानी गिरा, 10 जिलों में लू का अलर्ट

**विजय मत, भोपाल**



मध्यप्रदेश में रविवार को भी कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। विदिशा जिले के सिरोंज और राजगढ़ जिले के ब्यावरा में दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर और उज्जैन समेत 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्यप्रदेश के सिंगरौली, भोपाल, बैतूल, उज्जैन और आगर में तेज आंधी चल सकती है। यहां गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है।

वहीं, पांढुर्णा, डिंडौरी, बड़वानी, धार, बुरहानपुर, खरगोन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर में भी बारिश होने की संभावना है। विदिशा, मुरैना, गुना, अशोकनगर, सागर, रीवा, मऊगंज, सीधी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, शिवपुरी और अनूपपुर में भी मौसम बदल सकता है।

***इसलिए हो रहा ऐसा मौसम...*** *सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम इन दिनों एक्टिव है। इनका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। इस कारण आंधी और बारिश हो रही है। अब गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। अगले चार दिन तक आंधी, बारिश के साथ लू का भी अलर्ट है।*

### ग्वालियर, गुना और खजुराहो में तापमान 43 डिग्री के पार

दूसरी ओर प्रदेश के कई जिलों में गर्मी का असर भी दिखाई दे रहा है। अगले 4 दिन यानी, 21 मई तक दिन में लू चलने का अलर्ट है। ग्वालियर, गुना, खजुराहो, सीधी, शिवपुरी और टीकमगढ़ में पारा 43 डिग्री या इससे अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार, खजुराहो में 43.8 डिग्री, ग्वालियर-गुना में 43.7 डिग्री, सीधी में 43.4 डिग्री, शिवपुरी-टीकमगढ़ में पारा 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सतना, रीवा, दमोह, उमरिया, सागर, रायसेन, रतलाम, खंडवा में पारा 40 डिग्री से अधिक रहा। बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में 37.4 डिग्री, भोपाल में 39.1 डिग्री, उज्जैन में 39 डिग्री और जबलपुर में 39.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा गर्मी रहेगी

मौसम विभाग की मानें तो मई महीने में ग्वालियर, छतरपुर, नरसिंहपुर, निवाड़ी, मैहर, टीकमगढ़, भिंड, दतिया, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, मुरैना, राजगढ़, रायसेन, शाजापुर, श्योपुरकलां, शिवपुरी और विदिशा जिलों में पारा 45 डिग्री या इससे ज्यादा रहने का अनुमान है। इनमें ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ मालवा-निमाड़ के कुछ शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी। छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, निवाड़ी के पृथ्वीपुर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। भोपाल में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है जबकि इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी पारा इतना रह सकता है। बड़े शहरों में ग्वालियर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ेगी। यहां पारा 46-47 डिग्री के बीच पहुंचने का अनुमान है।

## डॉ. अरुण खोबरे विश्व की सबसे बड़ी श्रीरामचरित मानस के लिए हुए सम्मानित

- उच्च शिक्षा मंत्री, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमैन, पीपुल्स यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित



**विजय मत, भोपाल**

कवि एवं प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार खोबरे ( अरुण अज्ञानी) को विश्व की सबसे बड़ी श्रीरामचरित मानस लिखने पर पीपुल्स यूनिवर्सिटी में सम्मानित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमैन डॉ. भरत शरण सिंह, पीपुल्स यूनिवर्सिटी की प्रो. चांसलर श्रीमती मेघा विजयवर्गीय ने उन्हें सम्मानित किया। ÷समग्र शिक्षा भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता÷ पर पिछले दिनों आयोजित गरिमामयी आयोजन में पीपुल्स विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. हरीश राय, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. खेमसिंह डहेरिया भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में शिक्षक के साथ जनसंपर्क अधिकारी, विशेष अधिकारी, संपादक, सांस्कृतिक समन्वयक आदि का दायित्व भी निभा संभाल रहे डॉ.अरुण खोबरे का नाम कुछ दिनों पूर्व लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। इससे पहले उनका नाम विश्व की कई रिकॉर्ड बुक जिनमें ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड,भारत वर्ल्ड रिकॉर्ड,ग्लोबल गोल्ड टैलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड,मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड, रॉयल सक्सेस इंटर नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड,वंडर बुक ऑफ रिकॉर्ड,गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड आदि में भी दर्ज हो चुका है। डॉ. खोबरे को इंडियन आइकॉन अवॉर्ड,एक्स्ट्रा आर्डिनरी पर्सनालिटी ऑफ इंडिया, संतभूरा भगत रत्न राष्ट्रीय सम्मान,उत्कृष्ट मीडिया गुरु शिक्षक सम्मान 2022, कतिया विभूति सम्मान, इंडियाज बेस्ट मीडिया टीचर अवॉर्ड,उत्कृष्ट लोक कवि सम्मान, ग्लोबल एपेक्स अवॉर्ड, एक्स्ट्रा आर्डिनरी पर्सनालिटी ऑफ वर्ल्ड समेत और भी कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के बदनूर में जन्मे डॉ. खोबरे ने कहा कि भगवान श्रीराम और हनुमान जी की प्रेरणा और कृपा से ही वह यह कर पाए हैं, इसलिए इस सम्मान को वे रामजी और हनुमान जी को समर्पित करते हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रेरणा भारद्वाज को पुन: मेयर चुने जाने पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय मूल की सुप्रेरणा भारद्वाज को बकिंघमशायर(यूनाइटेड किंगडम) काउंसिल में एक बार पुन: मेयर चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सुभारद्वाज ने अपनी यह उपलब्धि बाबा महाकाल और मां बगलामुखी को समर्पित की है, जो अपनी मातृभूमि से उनके सतत् जुड़ाव के संस्कार का प्रेरणादायक प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुभारद्वाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारी बहन प्रेरणा भारद्वाज अपने सेवा कार्यों और समर्पण से भारत राष्ट्र की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर प्रतिस्थापित करेंगी।

### प्रदेश की नगरीय निकाय प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिये शहरी सुधार कार्यक्रम

**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय निकाय प्रणाली में सुधार कर पारदर्शिता लाने और कार्यक्षमा में वृद्धि करने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शहरी सुधार कार्यक्र म योजना लागू की है। नगरीय निकायों की लेख प्रणाली के संभूति आधारित द्विप्रविष्टीय लेखा प्रणाली में परिवर्तन करने के लिये कार्य किया गया है। प्रदेश की 369 निकायों में यह कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नवगठित 44 निकायों में निविदाएं आमंत्रित करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। प्रदेश के नगरीय निकायों में जी.आई.एस. आधारित मानचित्र तैयार कर संपत्तिकर के दायरे और वसूली में वृद्धि किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। जीआईएस आधारित बहुउद्देशीय पारिवारिक सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत प्रदेश की सभी 413 नगरीय निकायों का आधार मानचित्र कार्य पूरा कर लिया गया है।

### नवाचार से गतिमान हुआ सहकारी आंदोलन, एक वर्ष की उपलब्धियाँ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग में नित नये नवाचार किये जा रहे हैं और नवाचार से गति पकड़ता जा रहा है मध्यप्रदेश सहकारी आंदोलन गतिमान हुआ है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भोपाल के राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में बताया कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा। उन्होंने शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिये प्रदेश की सराहना की। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के लिये लगभग हर माह सहकारिता संबंधी आयोजन करने का संकल्प लेकर काम किया जा रहा है। इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों के आचरण और व्यवहार की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवायी जा रही है। नवाचार और अच्छा कार्य करने वालों को साल के अंत में उत्कृष्ट कर्मी के रूप में सम्मानित भी किया जायेगा।

### भोपाल में डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण

# पत्रकारों का तीर्थस्थल है माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय: विजयवर्गीय

**विजय मत, भोपाल**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि किसी शहर के संग्रहालय और शिक्षण संस्थान धरोहर के समान हैं इनका समृद्ध होना समाज के गौरव को बढ़ाता है। उन्होंने माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय के गौरवशाली इतिहास की प्रशंसा की। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आधुनिक युग में नौजवान पीढ़ी के लिये डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा बहुत उपयोगी रहेगी। मंत्री विजयवर्गीय रविवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के मौके पर डिजिटल लाइब्रेरी के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में संग्रहालय की स्थापना से लेकर अब तक के सफर में सहयोग करने वाली संस्थाओं और हस्तियों का सम्मान किया गया।






मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प को शैक्षणिक संस्थानों को समृद्ध करके पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सप्रे संग्रहालय की शुरूआत एक छोटे स्वरूप में हुई थी। लगभग पिछले 4 दशकों में इस संस्थान ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर ली है। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सुरेश पचौरी ने अपने उदबोधन में कहा कि विजयदत्त श्रीधर ने अपनी लगन से भोपाल शहर को एक अमूल्य धरोहर दी है, जिसका लाभ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को निरंतर मिलता रहेगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री पचौरी ने भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर फंड से दी जाने वाली मदद को सराहनीय बताया।

संस्थान के संस्थापक सदस्य विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान पुस्तकालय सेवा के 3 प्रारूप में कार्यरत है। पत्रकार एवं पाठक वर्ष 1984 से इसका लाभ उठा रहे हैं।

# इस माह डेंगू के केस 44 पार

### राजधानी में डेंगू के केस दोगुने, चिकनगुनिया 8 गुना बढ़ा

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल में इस बार बारिश से पहले ही डेंगू और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों का खतरा तेजी से बढ़ गया है। मई में ही डेंगू के केस 44 पार कर गए हैं, जबकि चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या 8 गुना बढ़कर 56 पहुंच चुकी है। बीते साल मई तक ये आंकड़ा महज 7 था। सबसे चिंताजनक बात यह है कि रोग रोकथाम की जिम्मेदारी संभालने वाला मलेरिया विभाग इस बार पूरी तरह नाकाम नजर आ रहा है। न तो कोई जागरूकता कैंप आयोजित किया गया, न ही एक भी कार्यशाला हुई है। विभाग के पास स्टाफ की भारी कमी है, छिड़काव और फॉगिंग भी सिर्फ दिखावे तक सीमित है।

विशेषज्ञों ने चेताया है कि बुखार, बदन दर्द या उल्टी जैसे लक्षण नजर आएं तो बिना देर किए




एलाइजा टेस्ट कराएं, जो शहर के चुनिंदा अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है। वहीं साल 2024 में मई माह तक चिकनगुनिया के 7 केस सामने आए थे। जबकि इस साल यह आंकड़ा 56 पहुंच गया है। इसी तरह डेंगू की बात करें तो बीते साल मई तक 28 तो इस साल 44 से अधिक सामने आ चुके हैं। यह आंकड़े चिंताजनक हैं। इसकी वजह भी है। दरअसल, जब बीते साल मानसून से पहले तक चिकन गुनिया के सिर्फ 9 केस थे तो यह सीजन में बढ़कर 300 के पार पहुंच गए और पूरे साल में कुल 340 केस दर्ज हुए।

### बुखार आए तो कराएं एलाइजा टेस्ट

जेपी अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. योगेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यदि लगातार बुखार आ रहा है। मांसपेशियों और आंखों के पीछे दर्द हो रहा है तो उन्हें डेंगू की जांच कराना चाहिए। भोपाल में जय प्रकाश अस्पताल, हमीदिया, बीएमएचआरसी, एम्स अस्पताल में मुफ्त एलाइजा टेस्ट की सुविधा है। मरीजों को ध्यान रखना चाहिए कि एलाइजा टेस्ट से ही डेंगू कंफर्म माना जाता है।

### रोकथाम के लिए नहीं पर्याप्त स्टाफ

डेंगू की रोकथाम के लिए जिम्मेदार मलेरिया विभाग के लगभग आधे पद खाली पड़े हैं। यही कारण की हर साल सबसे ज्यादा डेंगू के मामलों में प्रदेश में भोपाल का नाम शामिल रहता है। राजधानी में वर्तमान में 25 लाख की आबादी है। वहीं इस पूरी आबादी को डेंगू व अन्य मच्छरों से होने वाली बीमारी से बचाने के लिए मलेरिया विभाग के पास सौ से भी कम कर्मचारी मौजूद हैं।

# सीहोर जिले के 2345 सिविल डिफेंस वालंटियर तैयार युद्ध समेत अन्य आपातकालीन समय में करेंगे काम

**विजय मत, ब्यूरो, सीहोर**



मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में सिविल डिफेंस वॉलंटियर संगठन को मजबूत करने का अभियान सफल रहा। जिले में 2641 स्वयंसेवकों का नामांकन किया गया। 12 से 17 मई के बीच 2345 स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में स्वयंसेवकों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के गुर सिखाए गए। भारत-पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों बने युद्ध जैसे हालात को देखते हुए देश में आंतरिक सुरक्षा की भी तैयारी की जा रही है। युद्ध होने की स्थिति में सीमा पर सेना जंग लड़ेगी और सिविल डिफेंस की टीम भी गृह युद्ध, दंगे और आपात स्थितियों के लिए तैयार रहेगी। जिला प्रशासन ने सिविल डिफेंस की टीम बनाने के लिए देशभक्ति और समाजसेवा में रुचि रखने वाले युवाओं को प्रशिक्षित किया। कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार, प्रशिक्षण के तहत सीहोर जिले में कुल 2641 सिविल डिफेंस वॉलंटियर नामांकित किए गए हैं। इसके तहत 12 मई से 17 मई तक आयोजित प्रशिक्षण में 2345 सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में स्वयंसेवकों ने उत्साह से भाग लिया और देश की सेवा के लिए पूरी तत्परता से कार्य करने की कसम खाई। इस प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को विभिन्न आपातकालीन स्थितियों, जैसे युद्ध के समय हवाई हमले, आगजनी अथवा किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं के दौरान, अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों से अवगत कराना था।

### प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी ने मुहली, झापन और सिंहपुर रेंज का निरीक्षण किया

# रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व चीतों की बसाहट के लिए अनुकूल

**विजय मत, भोपाल**

सागर के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों की बसाहट की 15 साल पुरानी संकल्पना साकार होते दिख रही है। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) देहरादून ने चीते की बसाहट के लिए दो नए स्थान चिंहित किए हैं। जिनमें गुजरात के बन्नी ग्रासलैंड रिजर्व के अलावा सागर का रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व शामिल है। चीता प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी डब्ल्यूआईआई के अधिकारियों ने सागर पहुंचकर टाइगर रिजर्व में चीतों की बसाहट के लिए जंगल का निरीक्षण किया है। माना जा रहा है कि अगले वर्ष तक यहां चीतों की शिफ्टिंग हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व देश का पहला ऐसा वाइल्ड लाइफ एरिया होगा, जहां




बाघ, तेंदुओं के साथ चीता भी देखने को मिलेंगे। अभी रिजर्व में टाइगर और तेंदुए की बसाहट है। चीतों के आने से इस परिवार की तीन प्रजातियां हो जाएंगी। देश में चीतों की बसाहट के लिए डब्ल्यूआईआई ने सबसे पहले सागर के इस टाइगर रिजर्व को चिंहित किया था। वर्ष 2010 में यहां सर्वे किया गया था। जिसमें रिजर्व की तीन रेंज मुहली, सिंहपुर और झापन को चीता की बसाहट के अनुकूल माना गया था।

### अधिकारियों ने तीन रेंजों का मुआयना किया

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के डीआईजी डॉ. वीबी माथुर और डब्ल्यूआईआई के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी के साथ वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व पहुंचकर मुहली, झापन और सिंहपुर रेंज का दो दिन तक मैदानी मुआयना किया। जानकारों के अनुसार यह तीनों रेंज चीता की बसाहट के लिए आदर्श स्थान हैं। यहां लंबे-लंबे मैदान हैं। जिनमें यह जीव दौड़कर शिकार कर सकेगा। इन तीनों रेंज का क्षेत्रफल करीब 600 वर्ग किमी है। जबकि रिजर्व का संपूर्ण क्षेत्रफल 2339 किमी है।

# एम्स भोपाल द्वारा फार्माकोविजिलेंस एवं टीबी उपचार पर जागरूकता अभियान का आयोजन

**विजय मत, भोपाल**



एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में फार्माकोलॉजी विभाग ने कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सहयोग से बकानिया (भोपाल) स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में फार्माकोविजिलेंस और क्षय रोग (टीबी) की डॉट थेरेपी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को यह समझाना था कि फार्माकोविजिलेंस, यानी औषधियों के दुष्प्रभावों की निगरानी, दवाओं के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, इस अभियान के माध्यम से टीबी के मरीजों को डॉट (Directly Observed Treatment) थेरेपी का पूरा कोर्स करने के लिए प्रेरित किया गया और उनके संदेहों का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक सत्रों और सहभागिता आधारित चर्चाओं के जरिए यह बताया गया कि दवाओं के दुष्प्रभावों की जानकारी देना क्यों जरूरी है और टीबी की दवाएं समय पर तथा पूरी तरह से लेना कितना महत्वपूर्ण है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि डॉट थेरेपी का पालन न केवल मरीज के पूरी तरह ठीक होने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह दवा-प्रतिरोधी टीबी को रोकने, बीमारी के फैलाव को कम करने और समग्र जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी अहम भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा, ऐसे जागरूकता अभियान स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होते है। फार्माकोविजिलेंस और टीबी उपचार के प्रति सही जानकारी और सतर्कता ही स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। जब हम समुदाय को दवाओं के सही उपयोग तथा निगरानी की समझ देते हैं, तभी हम बीमारियों को प्रभावी ढंग से रोक सकते हैं और जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकते हैं।

**खास-खबर** जल गंगा संवर्धन अभियान

# जल गंगा संवर्धन जैसे अभियान ही कर सकते हैं जल संकट की वैश्विक चिंता का समाधान

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान पर्यावरण और जल संरक्षण, जल संरचनाओं के पुनरुत्थान और सांस्कृतिक चेतना का समवेत संगम बन गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने इस अभियान' से जल संकट के समाधान के लिये गंभीर पहल की है। जल संकट देश-प्रदेश ही नहीं पूरी दुनिया की चिंता का विषय है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए तो यह जीवन-मृत्यु का विषय है। भविष्य की चिंताओं का समाधान आज के अभियान में जल संवर्धन के प्रयासों में निहित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान एक बहुस्तरीय आयोजन है। इसका उद्देश्य राज्य के जल स्रोतों जैसे नदियों, तालाबों, झीलों, बावड़ियों, पुराने कुओं और जलधाराओं को पुनर्जीवित करना और उन्हें सतत रूप से संरक्षित करना है। यह अभियान सरकारी योजना से आगे बढ़कर अब जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है।



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जल गंगा संवर्धन अभियान में जबलपुर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिये संचालित की जा रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने जनपद पंचायत कुंडेश्वर धाम के गुरैया गांव में बने खेत तालाब, कूप रिचार्ज निर्माण और बघराजी गांव में में लैगून पद्धति से जोगी तालाब के विस्तार एवं सुदृढीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बघराजी में जन समुदाय को संबोधित करते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में तत्परता से कार्य करने के लिए प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश भर में ताल, तलैया, कुएं एवं बावड़ी सहित विभिन्न जल स्रोतों को संरक्षित करने के साथ ही प्राचीन जलस्रोतों को सूचीबद्ध कर उन्हें पुनर्जीवित किये जाने का पुनीत कार्य हो रहा है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कुंडेश्वर धाम के साथ ही हनुमान ताल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। हनुमान ताल के उन्नयन के लिए अमृत योजना के तहत 55 लाख 09 हजार 514 रूपए की लागत से डी-सिल्टिंग, फेंसिंग और एरिएशन के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर में नया खेड़ा गांव के ताप्ती घाट छोटे पुल पर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित श्रमदान में नेपानगर विधायक सुमंजू दादू, जनपद अध्यक्ष राकेश सोलंकी, जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ सुलता शरणागत, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, एसडीएम वाखला, जनपद सीईओ श्रीमती वंदना कैथल, जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमति संतमति खलखो, पंचायत विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित अन्य विभागों के अधिकारीगणों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। श्रमदान करने वालों ने ताप्ती नदी में उतरकर गाद, नदी पुराने कपड़े और प्लास्टिक कचरे को बाहर निकाला।

# पुलिस की बेरहम पिटाई से टूट गयी डाक्टर की रीढ़ की हड्डी

**चिकित्सकों में भारी आक्रोश, दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करनें एवं घटना की मजिस्ट्रियल जांच की एसपी से मांग**





विजय मत फलोअप शहडोल

**विजय मत, शहडोल**

संभाग में शायद यह पहली ऐसी घटना है जिसमे पुलिस की थर्ड डिग्री का शिकार एक सरकारी चिकित्सक को होना पड़ा ,वह भी ऐसी थर्ड डिग्री कि डाक्टर की रीढ़ की हड्डी दो- जगह से टूट गयी । साथ ही बैक में मशल्स भी गहरे घाव होने की जानकारी सामने आई है । ऐसा भी नहीं है कि उक्त सरकारी चिकित्सक किसी के क़त्ल या लूट का आरोपी रहा हो ,बल्कि पुलिसकर्मियों के साथ मामूली कहासुनी कुछ वर्दीधारियों को ऐसी नागवार गुजरी कि उन्होंने एक सरकारी चिकित्सक को पीट पीटकर अधमरा कर दिया । पीड़ित डाक्टर कृष्नेंद्र द्विवेदी जिला चिकित्सालय के शिशु रोग विभाग में पदस्थ हैं । ड्यूटी से देर रात लौटने के दौरान उनके घर के पास यह घटना शुक्र-शनि की रात्रि में हुई । घायल डाक्टर का मेडिकल कालेज शहडोल में इलाज चल रहा है ।

जांच के बाद रविवार को जब रविवार को घायल डाक्टर द्विवेदी की मेडिकल रिपोर्ट सामने आई तब इस बात की पुष्टि हुई कि उनके रीढ़ की हड्डी मारपीट के कारण दो जगह से टूट गयी है ।वहीँ एक सरकारी चिकित्सक के साथ गुंडे मवालियों के तरह व्यवहार करने वाले सोहागपुर थाना के दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी है ,केवल इस मामले में मुख्य भूमिका में सामने आए ए एस आई सुखवंत चतुर्वेदी को सोहागपुर थाना से पुलिस लाइन में अटैच कर दिया गया है । हरेंद्र जिसने सबसे ज्यादा मारपीट की थी व अन्य पलिस कर्मीयों के ऊपर घटना के चौबीस घंटे से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक दोषी पुलिस कर्मियों के निलंबन व उन पर एफ आई आर दर्ज नहीं किए जाने से चिकित्सको के अंदर आक्रोश बढ़ता जा रहा है ।


## चिकित्सकों ने एसपी से की मुलाक़ात

डाक्टर द्विवेदी के साथ हुई इस बेदम पिटाई की घटना के चौबीस घंटे से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद भी अब तक दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर के साथ साथ निलंबन व विभागीय जांच की कार्यवाही सुनिश्चित नहीं किए जाने के कारण जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश भर के चिकित्सक संघ से जुड़े चिकित्सकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है । रविवार को इसे लेकर चिकित्सकों के दल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाक़ात कर अपनी बात रखते हुए दोषीजानो के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने के साथ उनके निलंबन की कार्यवाही किए जाने की बात रखी । साथ ही पुलिस विभाग के द्वारा इस मामले की कराई जा रही जांच पर असंतोष जताते हुए इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराने की मांग की है । एसपी से मिलने गये चिकित्सको के दल मे डाक्टर मनीष सिंह ,डाक्टर पुनीत ,डाक्टर रोहित दुबे ,डाक्टर टी एन चतुर्वेदी समेत दर्जन भर से अधिक जिले के चिकित्सक शामिल थे ।

## मजिस्ट्रियल जांच की मांग

शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर द्विवेदी के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर जिला काँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने ब्यान जारी करते हुए उक्त घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि ड्यूटी से घर जा रहे डॉक्टर कृष्नेंद्र द्विवेदी के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट की घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराई जानी चाहिए । नाइट ड्यूटी मे जाने वाले डॉक्टरों की प्रशासन द्वारा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकी चिकित्सक जन सेवा का कार्य निश्चिंत होकर कर सकें।

# ग्रामीण के घर में भालू के अचानक घुसने मची अफरा तफरी



**विजय मत, शहडोल।**

जिले के अमझोर वन परिक्षेत्र के ग्राम गंधिया में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक मादा भालू अचानक ग्रामीण राम शरण के घर में घुस गई। शांत गांव की सुबह अचानक डर और सस्पेंस से भर गई। भालू को घर में देख परिजनों के होश उड़ गए और वे किसी तरह खुद को एक कमरे में बंद कर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

घर में घुसी भालू इधर-उधर दौड़ती रही और घर का सामान तहस-नहस करने लगी। इस भयावह दृश्य की जानकारी मिलते ही वन विभाग हरकत में आया। तुरंत ही अमझोर वन परिक्षेत्र के एसडीओ मुकुल सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सूझबूझ के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत और सावधानी के बाद वन विभाग की टीम ने भालू को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा।

पूरी प्रक्रिया बेहद रोमांचक रही, लेकिन वन विभाग की तत्परता और सूझबूझ से कोई जनहानि नहीं हुई। जैसे ही भालू को जंगल में छोड़ा गया, गांववालों ने राहत की गहरी सांस ली और वन विभाग का धन्यवाद किया। रोमांचक रेस्क्यू ऑपरेशन की कहानी यह भी दर्शाती है कि मानव और वन्यजीवों के बीच संतुलन बनाना कितना जरूरी है। अमझोर वन परिक्षेत्र के स्छ्ह मुकुल सिंह ने बताया कि भालू का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है, उस पर निगरानी बनाए हुए है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शहडोल। जयसिंहनगर थानान्तर्गत 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में उक्त नाबालिक बालिका की पता तलाश घटना से लगातार की गई जो उक्त बालिका को स्थानीय बाजार जयसिंहनगर से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया ।दस्तयाबी उपरांत बालिका से पूछताछ में बालिका द्वारा अरुण सिंह परस्ते निवासी खरहरा थाना ब्यौहारी ने गलत काम ;दुष्कर्मद्ध करना बताया जिसपर जयसिंहनगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी अरुण सिंह परस्ते पिता गोरेलाल सिंह परस्ते उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम खरहरा थाना ब्यौहारी शहडोल एवं सहआरोपी सुखसेन सिंह गोंड की पत्नी निवासी ग्राम ढोलर थाना जयसिंहनगर शहडोल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# वर्षा के पूर्व जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्य पूर्ण करें: कलेक्टर




**विजय मत, शहडोल।**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो कार्य कार्य योजना में सम्मिलित हैं लेकिन अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं। उन कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए जिससे वर्षा के पूर्व वे कार्य पूर्ण हो जाएं। आपने यह भी निर्देश दिए कि जो कार्य शुरू किए जा रहे हैं, कार्य प्रारम्भ समय की फोटोग्राफ तथा वीडियो एवं कार्य के मध्य की फोटोग्राफ एवं वीडियो तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात के फोटोग्राफ एवं वीडियो तैयार किए जाएं तथा जल गंगा संवर्धन अभियान ग्रुप शहडोल में भी साझा किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जो भी जीवित नदी, नाले एवं झरने हैं और वहां से पानी व्यर्थ में बहकर जा रहा है, उनमें उपयुक्त स्थल का चयन कर बोरी बंधान का कार्य किए जाए। ऐसा करने से जहां जल स्तर बढ़ेगा वहीं पशु-पक्षियों को पीने के लिए ग्रीष्मकाल में पानी उपलब्ध हो सकेगा, साथ ही सब्जी-भाजी उगाने तथा मानव उपयोग में भी इस पानी का बेहतर उपयोग हो सकेगा। आपने कहा कि जिले में खेत-तालाब, निर्मल नीर, बलराम तालाब, कुओं एवं बावड़ियों की सफाई तथा जीणोद्धार के कार्य समाज के सहयोग से संचालित किए जाएं। वर्तमान में पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार, पुष्कर तालाबों का जीर्णोद्धार तथा अमृत सरोवरों के निर्माण के कार्य भी जन सहयोग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी कार्यों को वर्षा के पूर्व अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए।

# मॉडल रोड पर बेतरतीब वाहनों से जाम और हादसे की आशंका बढ़ी



**विजय मत, शहडोल**

बस स्टैंड से लल्लू सिंह चौक तक का क्षेत्र इन दिनों भारी जाम की चपेट में है। तीन करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन मॉडल रोड अभी पूरी तरह से तैयार भी नहीं हुई है, लेकिन इस पर वाहनों का अतिक्रमण शुरू हो गया है। पूरे मार्ग पर बेतरतीब वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों को रोजमर्रा के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

मॉडल रोड पर निजी क्लीनिक, अस्पताल और अन्य व्यवसायिक संस्थानों के सामने दिनभर वाहनों की कतार लगी रहती है। विशेष रूप से एलआईसी बिल्डिंग से लकड़ी टाल तक स्थित दो निजी क्लीनिकों के सामने मरीजों और उनके परिजनों के वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। इसके कारण न केवल ट्रैफिक प्रभावित होता है, बल्कि दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है।

निर्माणाधीन मॉडल रोड में डिवाइडर बनने के कारण सड़क की चौड़ाई सीमित हो गई है। ऐसे में एक ओर खड़े वाहन पूरी सड़क पर दबाव बना देते हैं। इस मार्ग से भारी वाहन भी गुजरते हैं, लेकिन जाम की स्थिति के कारण छोटे वाहनों और पैदल राहगीरों को निकलने में परेशानी होती है।

**न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और बस स्टैंड क्षेत्र में स्थिति और विकट** -सड़क से सटी न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नागरिकों को सड़क पार करना भी जोखिम भरा हो गया है। बस स्टैंड के पास स्थित दोनों पेट्रोल पंपों के आसपास कंडम और बड़ी बसों को खड़ा कर दिया जाता है, जिससे रास्ता और भी संकरा हो जाता है। बस स्टैंड पर वाहनों व यात्रियों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जो जाम और दुर्घटना की संभावना को और बढ़ा देती है।

# गर्मी के दृष्टिगत लू की संभावना से बचाव और उपचार

**विजय मत, शहडोल।**

जिले में वर्तमान परिस्थिति में अत्याधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे शुष्क वातावरण में लू (तापघात) की संभावना जानलेवा हो सकती है। जिसके लिए आम जन को लू (तापघात) से बचाव संबंधी दिशा निर्देश जारी किए गए है।

लू से बचाव के लिए क्या करें- गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के डील सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढंककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीएँ एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आये। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन तथा तरल पदार्थों का सेवन करवाये। गर्मी के दिनों में ठण्डे मौसमी फलों का सेवन करें। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अदर आने से रोके। जहाँ तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत एवं अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड, गर्म घुटन भरे कमरों में ना जायें। रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अतिआवश्यक होने पर ही करें। बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय जैसे दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाडी में अकेला न छोडे। धूप में नंगे पाँव न चले। चाय कॉफी अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पादाथों का सेवन न करें।

**लू लगने के लक्षण-** गर्म लाल और सूखी त्वचा होना, शरीर का तापमान से 40 सेल्सियस या 104 फॉरेनाइट से अधिक होना, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द होना, मांशपेशियों में कमजोरी या ऐठन,सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द होना आदि

लू तापघात से प्रभावित व्यक्ति के प्राथमिक उपचार के तरीके- रोगी को तुरंत छायादार जगह पर, कपडे ढीले कर लिटा दें एवं हवा करें, रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य एवं पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्तः करें।

**गड़बड़ी** — मेडिकल स्टोर्स में डॉक्टर बन बैठे संचालक, शहडोल में दवाओं की मनमानी बिक्री बन रही खतरा

# बिना प्रिस्क्रिप्शन के मिल रही दवाएं, मरीजों की जान जोखिम में

**विजय मत, शहडोल**

जिले में चिकित्सा व्यवस्था की अनदेखी अब आमजन की जान पर भारी पड़ रही है। जिलेभर में 350 से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश पर न तो चिकित्सकीय नियमों का पालन हो रहा है और न ही मरीजों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। चिंता की बात यह है कि कई मेडिकल स्टोर संचालक खुद को डॉक्टर समझ बैठे हैं और मरीजों को लक्षण पूछकर मनमर्जी से दवाएं दे रहे हैं।



## बिना डॉक्टर की पर्ची, मिल रही दवा

स्वास्थ्य मंत्रालय एवं फार्मेसी एक्ट के अनुसार, कोई भी दवा बिना योग्य चिकित्सक की पर्ची के नहीं दी जा सकती, विशेषकर एंटीबायोटिक और पेन किलर जैसी शक्तिशाली दवाएं। लेकिन शहडोल जिले में यह नियम केवल कागजों में सिमट कर रह गया है। आमजन सर्दी-खांसी, बुखार, दर्द जैसे लक्षण लेकर सीधे मेडिकल स्टोर पहुंच जाते हैं।

## ग्रामीण इलाकों की स्थिति और भी खराब

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी चिंताजनक हैं। यहां पर्याप्त संख्या में डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में लोगों के पास मेडिकल स्टोर ही एकमात्र सहारा बन गया है। ग्रामीण जन सामान्य बीमारी के लक्षण पर भी मेडिकल स्टोर से दवाएं लेकर सेवन कर लेते हैं, जिसका परिणाम कभी-कभी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में सामने आता है।

## गलत दवा से हो सकती है जानलेवा स्थिति

जब कोई गैर-प्रशिक्षित व्यक्ति दवा देता है, तो गलत डोज, गलत दवा या दवा के साइड इफेक्ट्स का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कई बार ऐसी दवाएं दी जाती हैं जो रोगी की स्थिति को और बिगाड़ देती हैं। अगर मरीज को पहले से कोई अन्य बीमारी हो या वह पहले से किसी दवा का सेवन कर रहा हो, तो ऐसी बिना सोचे-समझे दी गई दवा जानलेवा भी साबित हो सकती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दवाओं का सेवन बिना चिकित्सकीय सलाह के नहीं किया जाना चाहिए। कुछ दवाएं विशेष परामर्श के बाद ही दी जाती हैं क्योंकि उनका शरीर पर प्रभाव गहरा होता है। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के मामले में यह जोखिम और बढ़ जाता है।

समाधान की जरूरत

- समस्या की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को चाहिए कि–
- मेडिकल स्टोर्स पर सख्त निगरानी रखी जाए।
- बिना पर्ची दवा देने वालों पर कार्रवाई की जाए।
- ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- आमजन में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें दवाओं के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया जाए।

## प्रशासनिक निगरानी में ढिलाई

हालांकि दवा विक्रेताओं पर निगरानी रखने के लिए औषधि नियंत्रण विभाग कार्यरत है, पर जमीनी हकीकत यह है कि विभाग की सक्रियता नाम मात्र की है। नियमित निरीक्षण, कार्रवाई और लाइसेंस की शर्तों की जांच जैसे कार्यों में घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिससे मेडिकल स्टोर्स संचालकों को खुली छूट मिल रही है।

# सबीना खान के जीवन में आशा की नई किरण लेकर आई है लाड़ली बहना योजना

शहडोल। प्रदेश सरकार व्दारा प्रदेश की बहनों को आर्थिक, सामाजिक एवं पारिवारिक रूप से सशक्त बनाकर आत्म निर्भर बनाने हेतु शुरू की गई लाडली बहना योजना उनके जीवन में मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के जीवन में स्वाभिमान का संचार कर रही है। यह योजना हम जैसी जरूरतमंद महिलाओं के जीवन में आशा की नई किरण लेकर आई है।

संभागीय मुख्यालय शहडोल की रहनी वाली सबीना खान को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रूपये प्रतिमाह प्राप्त हो रहे है। उन्होंने ने बताया कि मुख्य मंत्री लाडली बहना योजना के तहत खातें मे प्रतिमाह 1250 रूपये रूपये अंतरित हो रहे है। इस राशि का उपयोग घर के संचालन, बच्चों की पढ़ाई में कर रहे है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम लाड़ली बहना योजना ने किया है । उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत हर माह मिलने वाली धनराशि घर की छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में मदद करती है। इसके लिए मैं एवं मेरा पूरा परिवार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित करता है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की डॉक्टर के साथ हुई मारपीट की मजिस्ट्रियल जांच की मांग



शहडोल । जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने ड्यूटी से घर जा रहे डॉक्टर कौशलेंद्र द्विवेदी के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट की मजिस्ट्रियल व निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि, जिले मे इस तरह की घटनाओं का होना निंदनीय कृत्य है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा कि, पुलिस विभाग द्वारा किसी भी व्यक्ति को संदिग्ध बता कर ऐसी कार्रवाई न कि जाए। नाइट ड्यूटी मे जाने वाले डॉक्टरों की प्रशासन द्वारा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकी चिकित्सक जन सेवा का कार्य निश्चिंत होकर कर सकें।

सुभाष गुप्ता ने घटना की निंदा करते हुए शीघ्र से शीघ्र मजिस्ट्रियल जांच कर,दोषियों को दंडित करने की मांग की है ताकि चिकित्सकीय सेवा प्रभावित न हो।

उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

### श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

शहडोल। श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश प्रकिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 222.स्ह्रास्र.द्वश्व.द्रश1.द्बट्ट पर पंजीयन 31 मई 2025 तक कर सकते हैं। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीरियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### शासकीय विषिष्ट बालक क्रीड़ा परिसर शहडोल में रिक्त सीटों हेतु आवेदन 10 जून तक

शहडोल। प्राचार्य, शासकीय विशिष्ट बालक क्रीड़ा परिसर शहडोल ने जानकारी दी है कि सत्र 2025-26 हेतु क्रीड़ा परिसर शहडोल मे रिक्त 20 सीट्स के विरुद्ध कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 10 जून 2025 तक आमंत्रित किये गए है। जिला विकासखण्ड स्तर पर चयन प्रक्रिया 15.06.2025 से 25.06.2025 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थियों से निर्धारित अवधि में क्रीड़ा परिसर शहडोल से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक अभिलेख यथा पासपोर्ट फोटो-05,निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र,आधार,बैक खाता क्रमांक पासबुक की छायाप्रति,समग्र आईडी,प्रोफाईल पंजीयन के साथ कार्यालय समय में जमा कर सकते है ।

### जिला नजूल निर्वतन समिति की बैठक 19 मई को

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला नजूल निर्वतन समिति की बैठक 19 मई 2025 को (टी.एल. बैठक के बाद) कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की जाएगी।



### जिलांतर्गत कोर्ट मोहर्रिर की मासिक बैठक की एसपी ने की समीक्षा

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री रामजी श्रीवास्तवव द्वारापुराने पुलिस कंट्रोल रूम में कोर्ट मोहर्रिरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायालय संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई एवं महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा समय पर समंस एवं वारंटों की तामीली सुनिश्चित करने के निर्देश दिएए विशेष रूप से चिन्हित प्रकरणों में अनिवार्य रूप से वारंटों की तामीली किए जाने पर बल दिया गया। साथ हीए यदि न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने में कोई समस्या आ रही हो तो संबंधित अधिकारियों को तत्काल अवगत कराने के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्त यदि कोई पुलिसकर्मी न्यायालयीन पेशी में उपस्थित नहीं हो रहा है तो उसकी सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिले की विभिन्नि न्यागयालयों के कोर्ट मोहर्रिर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रीडर . लक्ष्मींनारायण द्विवेदी एवं समंस वारंट शाखा से सुरेश पाण्डेय लालमणी, मेलाराम भूमिया उपस्थित रहे। बैठक में न्यायालय संबंधी प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक सुझावों पर चर्चा की।

### अवैध शराब जब्त

शहडोल। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई जिसमें कुल 07 स्थानों पर दबिश दी गई।

# सनराइजर्स हैदराबाद पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी लखनऊ सुपरजायंट्स

**लखनऊ, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर बड़ी जीत दर्ज कर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी। इस मैच में अगर सुपरजायंट्स हार तो वह लीग से बाहर हो जाएगी। इस लीग में अब तक टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। उसके कप्तान ऋषभ पंत भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं जिसके कारण भी टीम को नुकसान हुआ है। ऐसे में ऋषभ इस मैच में बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाना चाहेंगे। अब तक इस सत्र में निकोलस पूरन ने टीम की ओर से काफी अच्छी बल्लेबाजी की है पर अब अन्य खिलाड़ियों को भी रन बनाने होंगे। उसकी गेंदबाजी शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप पर आधारित रहेगी। सुपर जायंट्स की टीम के नाम अब तक 11 मैचों में 10 अंक है पर उसका नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा।

दूसरी ओर पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर लखनऊ का खेल बिगाड़ना रहेगा। सनराइजर्स की टीम में शामिल युवा नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करने का प्रयास करेंगे। अब तक ये दोनो बड़ी पारियां नहीं खेल पाये हैं। आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अब तक 311 रन बनाये हैं और वह इस मैच में बड़ी पारी खेलने का प्रयास करेंगे। लखनऊ की टीम की सबसे बड़ी परेशानी कप्तान का रन नहीं बनाना है। वह इस सत्र में केवल एक बार ही पचास से अधिक रन बना पाये हैं। रन उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से केवल 128 रन ही बनाए है। मो शमी, राहुल चाहर सहित उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं।

### शाम 7:30 बजे से होगा मैच




### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद**-पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिन्दु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**लखनऊ सुपर जायंट्स**-ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।

### जीत का जश्न



लंदन में एफए फप फुटबॉल में क्रिस्टल पेलेस के मार्क गुहेई व जोइल वार्ड ट्रॉफी उठाये हुए। इस दौरान अन्य खिलाड़ी भी नजर आ रहे।

## विराट को अंडर-17 खेलने के समय से जानता हूं: ईशांत



**नई दिल्ली।** अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने कहा है कि विराट कोहली के साथ वह काफी पहले से हैं। ईशांत ने कहा कि वह विराट को तब से जानते है जब वे दोनो अंडर-17 में साथ खेलते थे। इसके बाद उन्होंने विराट के साथ सीनियर भारतीय टीम में भी खेला था। ईशांत ने कहा, मुझे लगता है कि विराट मेरे लिए स्टार नहीं बचपन के दोस्त हैं। ईशांत ने अपने टेस्ट करियर में 105 मैचों में 434 विकेट लिए हैं। दोनो ने अंडर-19 टीम में बिताए गए दिनों को याद करते हुए कहा कि वे दोनों साथ में कमरे में रहा करते थे। ईशांत ने कहा कि जब हम अंडर-19 में थे, तब हम पैसे गिनते थे कि हमारे पास कितने हैं।

## कोलकाता में ही खेला जाएगा आईपीएल फाइनल: गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल की मेजबानी कोलकाता के ईडन गार्डन की जगह किसी अन्य स्थल को दिये जाने की चर्चाओं के बीच ही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि ये इतना आसान नहीं है। गांगुली के अनुसर बंगाल बोर्ड (कैब) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से अच्छे संबंध हैं। इसलिए उन्हें पूरा भरोसा है कि फाइनल कोलकाता से बाहर नहीं जाएगा। शुरुआत में फाइनल कोलकाता में 25 मई को खेला जाना तय था पर बीच में भारत-पाकिस्तान के बची टकराव के कारण आईपीएल एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। दौबारा शुरु होने पर बोर्ड ने तीन जून को खेले जाने वाले फाइनल के स्थल की जानकारी नहीं दी। ये कहा जा रहा है कि इस दिन कोलकाता में बारिश की संभावना को देखते हुए फाइनल किसी अन्य स्थल पर खेला जाएगा।



कैब के पूर्व अध्यक्ष रहे गांगुली से जब पूछा गया कि क्या कोलकाता तय कार्यक्रम के अनुसार ही फाइनल मैच की मेजबानी करेगा तो उन्होंने कहा, 'हम प्रयास कर रहे हैं। साथ ही कहा कि है? यह ईडन का प्लेऑफ है, और मुझे भरोसा है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा क्योंकि मैच को अचानक ही किसी दूसरे स्थल पर ले जाना आसान नहीं है। इसी बीच प्रशंसकों ने भी मांग की है कि फाइनल कोलकाता में ही खेल जाना चाहिये।

गांगुली ने कहा कि विरोध से कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। वहीं प्लेऑफ स्थलों को तय करने में हो रही पर गांगुली ने कहा, 'कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस मैदान पर अपने लीग मैच खेले हैं, इसलिए कोलकाता पहली सूची में शामिल नहीं है।'

## धोनी का संन्यास अभी नहीं! 2026 में भी खेल सकते हैं आईपीएल

**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल और लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक हैं। 43 साल की उम्र में भी वे मैदान पर पूरी ऊर्जा के साथ खेल रहे हैं। हालांकि आईपीएल 2025 का सीजन उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खास अच्छा नहीं रहा। टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और खुद धोनी का प्रदर्शन भी अपेक्षित स्तर का नहीं रहा। ऐसे में यह चर्चा जोर पकड़ने लगी थी कि क्या यह धोनी का आखिरी सीजन है और क्या वे अब हमेशा के लिए क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। लेकिन एक नई रिपोर्ट ने उनके फैंस के लिए बड़ी राहत की खबर दी है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े सूत्रों का मानना है कि धोनी अभी टीम को छोड़ने के मूड में नहीं हैं। टीम के भीतर कई ऐसी चीजें हैं जिनमें सुधार की आवश्यकता है और इसके लिए धोनी की अनुभव और नेतृत्व की जरूरत है। यही वजह है कि फ्रेंचाइजी के लोग मानते हैं कि अगर धोनी की फिटनेस ने उनका साथ दिया, तो वह आईपीएल 2026 में भी येलो जर्सी में नजर आ सकते हैं।

## क्रिकेटर अपनी क्षमता का पूरा उपयोग तब करते हैं जब उन्हें पता होता है कि वे कौन हैं: राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का उन सभी लोगों के लिए मंत्र है जो पेशेवर रूप से इस खेल को अपनाना चाहते हैं, खुद को समझें और एक क्रिकेटर के रूप में अपनी अधिकतम क्षमता को उजागर करें।

द्रविड़, जो भारत को टी20 विश्व कप जीत दिलाने के बाद मौजूदा सीजन में आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ काम कर रहे हैं, ने हल्ला बोल के एक एपिसोड के दौरान जियो हॉटस्टार से बात की। टेस्ट क्रिकेट में भारत के दूसरे सर्वोच्च स्कोरर द्रविड़ ने कहा, सिर्फ



क्रिकेट में अच्छा होना और सिर्फ क्रिकेट का अभ्यास करना निश्चित रूप से आपको कुछ दूरी तक ले जाएगा, लेकिन वास्तव में अच्छे खिलाड़ी, महान खिलाड़ी जिनके साथ काम करने या ड्रेसिंग रूम साझा करने का मुझे सौभाग्य मिला है, उन सभी में एक सामान्य बात जो मैंने देखी है, वह यह है कि वे वास्तव में जानते हैं कि वे कौन हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यदि आप एक व्यक्ति के रूप में अपने बारे में जानते हैं और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होते हैं, तो आप स्वयं को अपनी क्षमता को अधिकतम करने का सर्वोत्तम अवसर देते हैं। द्रविड़ का मानना है कि खेल प्रतिभा का उपहार ही किसी व्यक्ति को इतनी दूर तक ले जा सकता है। द्रविड़ ने वीडियो में कहा, आपको सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बनने के लिए प्रतिभा दी गई है, आपको एक व्यक्ति के रूप में भी विकसित होने की जरूरत है और आपको अपनी क्षमता को अधिकतम करने के लिए मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह खुद को समझने की जरूरत है।

# बिजनेस

### भारती एयरटेल समूह पर 43,980 करोड़ की पर्याप्त एकमुश्त देनदारी लगाई गई

## एजीआर मामला: सुप्रीम कोर्ट से वोडाफोन आइडिया के बाद अब एयरटेल ने लगाई गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वोडाफोन आइडिया के बाद अब भारती एयरटेल और भारती हेक्साकॉम ने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया मामले में राहत की मांग कर सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इस याचिका में कहा गया है कि एजीआर बकाया ने दोनों भारती कंपनियों की दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बने रहने और अपने परिचालन को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित किया है। यह हमारे भ?विष्य पर असर डाल सकता है। याचिकाकर्ता कंपनियों ने एक दशक में लाइसेंस शुल्क और मुकदमे के जरिए




लगभग 75,000 करोड़ रुपये का सरकारी खजाने में योगदान दिया है। इसके साथ ही जीएसटी भी दिया गया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 22,000 करोड़ रुपये था। एजीआर फैसले के जरिए भारती एयरटेल समूह पर 43,980 करोड़ रुपये की पर्याप्त एकमुश्त देनदारी लगाई गई और इसे 31 मार्च, 2031 को समाप्त होने वाली 10 साल की अवधि के भीतर सरकार को चुकाया जाना है। मूल राशि 9,235 करोड़ रुपये ब्याज, जुर्माना और जुर्माने पर ब्याज जोड़कर 43,980 करोड़ रुपये हो गई। इससे पहले गुरुवार को वोडाफोन आइडिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की, जिसमें एजीआर बकाया से जुड़े ब्याज, जुर्माने और जुर्माने पर ब्याज में 45,000 करोड़ रुपये से अधिक की छूट की मांग की गई। करीब 20 करोड़ ग्राहकों को सेवा देने वाली इस दूरसंचार कंपनी ने राहत न मिलने पर वित्तीय संकट की चेतावनी दी है।

## मूडीज ने घटाई अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग, निवेशकों को मिली चेतावनी

### बढ़ सकती हैं ब्याज दरें

**नई दिल्ली, एजेंसी**




मूडीज रेटिंग्स ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग को ट्रिपल ए से घटाकर एए1 कर दिया। यह पहली बार है जब मूडीज ने 1917 के बाद अमेरिका को परफेक्ट क्रेडिट स्कोर से वंचित किया है। इससे अमेरिकी निवेशकों को उधार लेने के लिए महंगा होने की संभावना है, क्योंकि ब्याज दरें बढ़ सकती हैं। इसका सीधा प्रभाव महंगाई और टैरिफ पर हो सकता है। मूडीज ने कहा कि पिछले दशक में अमेरिका का सरकारी कर्ज और ब्याज भुगतान का अनुपात बढ़ गया है, जो अन्य रेटिंग वाले देशों से अधिक है। एजेंसी का अनुमान है कि अमेरिका की उधारी की जरूरत और बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था पर दबाव डालेगी। रेटिंग को स्थिर आउटलुक दिया गया है, लेकिन फेडरल रिजर्व की नीतियां अब भी मजबूत और स्वतंत्र मानी जाती हैं। मूडीज के फैसले ने अमेरिका में राजनीतिक बहस को बढ़ावा दिया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने इसके लिए बाइडन प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। वे कहते हैं कि ट्रंप प्रशासन और रिपब्लिकन बाइडन के गलत नीतियों को सुधारने के लिए काम कर रहे हैं।

### क्लिक: भारत में ग्राहक आधार 1,000 को पार करने के लिए तैयार

**ऑरलैंडो।** कृत्रिम मेधा क्षेत्र के अग्रणी कंपनी क्लिक ने भारतीय बाजार में वृद्धि को लेकर आशान्वित होने का इजहार किया है। कंपनी के एक अ?धिकारी ने बताया कि क्लिक ने पिछले दो साल में अपने कारोबार को दोगुना किया है और ग्राहकों की संख्या अब 800 से भी ज्यादा हो गई है। उनके अनुसार इस साल कंपनी का ग्राहक आधार 1,000 को पार कर जाएगा। उन्होंने डेटा विश्लेषण और एआई रणनीति में भागीदारी के लिए कई छोटे और मझोले कारोबारों के साथ भविष्य की योजना की बात की। उन्होंने कहा कि क्लिक के भारतीय शाखा में मात्र एक्सपैंशन हुई है और कर्मचारी संख्या में भी वृद्धि हुई है। कंपनी ने पिछले 16 माह में भारत में कर्मचारियों की संख्या दोगुनी कर दी है और नियुक्तियों का कार्य जारी रहेगा। वे भारतीय बाजार में तेजी से आगे बढ़ने के संकेत का समर्थन करते हुए निवेश के साथ एक वीरपंथी किरदार बनाने का दावा कर रहे हैं। क्लिक ने हाल ही में भारत में एक बड़े निवेश के साथ डेटा सेंटर खोला है, जो भारतीय बाजार के लिए नई सेवाएं प्रदान करेगा। यह कॉन्फिगरेशन के साथ क्लाउड ढांचे को बढ़ाने और भारतीय बाजार के साथ प्रतिबद्धता को गहरा करने में मदद करेगा।

### भारत के कोयले का आयात 2024-25 में घटकर 26.35 करोड़ टन रहा

**नई दिल्ली।** भारत में कोयले का आयात वित्त वर्ष 2024-25 में 1.7 प्रतिशत घटकर 26.35 करोड़ टन रहा है। इसके सम्बंधित पिछले वित्त वर्ष, 2023-24, में देश कोयले का 26.82 करोड़ टन आयात करता था। इस वर्ष गैर-कोकिंग कोयले का आयात 16.71 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की 17.59 करोड़ टन से कम है। कोकिंग कोयले का आयात 5.40 करोड़ टन है जो पिछले वर्ष की 5.72 करोड़ टन से कम है। एक ई-कॉमर्स मंच द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार मार्च में कोयले का आयात 2.27 करोड़ टन रहा जो पिछले वर्ष की 2.39 करोड़ टन की मुकाबला है। मार्च में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.48 करोड़ टन है जो 2023-24 के समान महीने की 1.53 करोड़ टन का है। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 44.1 लाख टन है जो 2023-24 के समान महीने की 53.4 लाख टन से कम है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल कोयले उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में कोयले उत्पादन 104.75 करोड़ टन है, जो 2023-24 में 99.78 करोड़ टन का था। इस तरह वित्त वर्ष के दौरान कोयले का उत्पादन 4.99 प्रतिशत बढ़ गया है।

### ईबीपी मंच पर इलेक्ट्रॉनिक बुक व्यवस्था अनिवार्य

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 20 करोड़ रुपये या उससे अधिक के निजी नियोजन के लिए ईबीपी मंच पर इलेक्ट्रॉनिक बुक व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। यह प्रावधान ईबीपी मंच की दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में मदद करेगा। सेबी के नए परिपत्र के अनुसार, अब निजी नियोजन के लिए 20 करोड़ रुपये या उससे अधिक के निर्गम आकार की ऋण या बॉन्ड प्रतिभूतियों, एनसीआरपीएस और म्यूनिसिपल बॉन्ड जैसे अनुभागों के लिए भी ईबीपी मंच का उपयोग अनिवार्य होगा। अब तक निर्गम आकार वाले बॉन्ड प्रतिभूतियों के सभी निजी नियोजन के लिए ईबीपी मंच का प्रयोग अनिवार्य था, लेकिन अब रीट और इनविट भी इसमें शामिल होंगे। सेबी ने इसमें इन्फास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) और रियल एस्टेट इन्फास्ट्रक्चर ट्रस्ट (आरईआईटी) को भी शामिल कर दिया है। इस पहल से इलेक्ट्रॉनिक बुक प्रदाता के मंच की महत्वपूर्णता और प्रभाव बढ़ेगा।

## आरबीआई जल्द जारी करेगा नए 20 रुपये के नोट



- नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के होंगे हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने घोषित किया है कि जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 20 नए नोट जारी किए जाएंगे। इन नोटों में गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन नए नोटों का डिज़ाइन पहले से चल रहे 20 रुपए के महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के नोटों के सामान होगा। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि पहले जारी किए गए सभी 20 के नोट, चाहे वह किसी भी गवर्नर की हस्ताक्षर से हों, पूरी तरह से वैध और लेन-देन में इस्तेमाल करने योग्य रहेंगे। आरबीआई के नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद जारी किए जा रहे नोटों का उद्घाटन एक सामान्य प्रक्रिया है। इससे पुराने 20 के नोटों की वैधता या मूल्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आरबीआई द्वारा जारी सभी बैंक नोटों की वैधता उस समय तक बनी रहेगी, जब तक उन्हें आधिकारिक रूप से बंद नहीं किया जाता। देशवासियों को ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि पुराने 20 के नोट अपनी वैधता का संरक्षण करेंगे और इन्हें बिना किसी जाँच-परख या चिंता के इस्तेमाल किया जा सकता है। रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सभी नोटों का व्यापक उपयोग देशभर में होगा, जब तक उन्हें वापस नहीं लिया जाता।

## कंपनियों के तिमाही परिणाम और वैश्विक संकेत तय करेंगे बाजार की चाल

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदें भी बाजार को दे सकती हैं सकारात्मक दिशा

**मुंबई, एजेंसी**

बीते सप्ताह करीब चार प्रतिशत तक चढ़े भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से कंपनियों के मार्च तिमाही के नतीजों, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों और वैश्विक संकेतों पर निर्भर करेगी। प्रमुख कंपनियों जैसे ओएनजीसी, हिंडाल्को, आईटीसी और पावर ग्रिड के परिणामों पर निवेशकों की नजर रहेगी। हाल ही में एफआईआई ने बाजार में भारी निवेश किया है, जिससे तेजी देखने को मिली है। वहीं, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में नरमी और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदें भी बाजार को सकारात्मक दिशा दे सकती हैं। इस सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार की दिशा कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हैं कंपनियों के मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का निवेश व्यवहार और वैश्विक बाजारों का रुझान। विशेषज्ञों का मानना है कि इन तीनों घटकों की गतिविधियों पर निवेशकों की पैनी नजर बनी रहेगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि भारत-पाक तनाव कम होने और अन्य प्रमुख भू-राजनीतिक जोखिमों के पीछे हटने से अब निवेशकों का ध्यान कंपनियों के तिमाही प्रदर्शन पर केंद्रित हो गया है। इसके साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते की खबरें भी बाजार की धारणा को सहारा दे सकती हैं। देश के भीतर के घटनाक्रम के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक संकेत और व्यापार समझौते से जुड़ी खबरें भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार भारत अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क में कटौती करने को तैयार है और दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता जल्द हो सकता है। इस सप्ताह पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी, सन फार्मा, आईटीसी, और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी प्रमुख कंपनियां अपने नतीजे पेश करेंगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि जब तक कोई बड़ा वैश्विक या घरेलू समाचार नहीं आता, तब तक बाजार की चाल पूरी तरह इन कंपनियों के प्रदर्शन पर निर्भर रहेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि एफआईआई की खरीदारी में आई तेजी बाजार को मजबूत सहारा दे सकती है।



## न्यूज इन शॉर्ट

### हैदराबाद अग्निकांड पर उपमुख्यमंत्री साव ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

रायपुर। हैदराबाद के चारमीनार क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड की खबर से छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दर्दनाक हादसे में 17 लोगों की असमय मृत्यु और कई लोगों के घायल होने की सूचना के बाद उपमुख्यमंत्री ने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। अपने शोक संदेश में अरुण साव ने कहा, ₹हैदराबाद के चारमीनार के पास हुए भयावह अग्निकांड की खबर से मन अत्यंत दुःखी है। हैदराबाद के चारमीनार के पास हुए भीषण अग्निकांड की खबर सुनकर मन अत्यंत दुःखी है, जिसमें 17 लोगों की असमय मृत्यु हो गई और कई लोगों के घायल होने की सुचना मिली है। मैं सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पुण्यात्माओं को अपने इस हृदयविदारक हादसे में जिन 17 लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे कहा, ईश्वर पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा इस दुखद घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करें। साथ ही, हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मैं कामना करता हूं।₹ इस भीषण हादसे को लेकर पूरे देश में शोक की लहर है, वहीं राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है।

### चाकू के साथ तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर, । सिविल लाइन और नेवरा थाना पुलिस ने चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है ।मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने ताजनगर पंडरी में चाकू लहराते आरोपी विक्रम सोनी 30 वर्ष और लक्की निर्मलकर 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी राहुल पंजवानी 22 वर्ष को चाकू के साथ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू की नोक पर युवक से लूटपाट

रायपुर। देवपुरी भंडारीपारा के चार युवकों ने चाकू के नोक पर एक युवक से मोबाइल फोन और नकदी रकम लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित गिलहरे 23 वर्ष ग्राम पलौद मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी पैदल जा रहा था, तभी देवपुरी भंडारीपारा के पास आरोपी रामेश्वर चक्रधारी, धनेन्द्र, समीर व रोशन बंजारे ने चाकू की नोक पर प्रार्थी से मोबाइल फोन और नकदी 200 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

भूमिपूजन केवल ईंट-पत्थर का काम नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं, जरूरतों और सपनों को आकार देने की शुरूआत

# राजेश मूणत ने वार्ड 70 में 1.78 करोड़ की लागत से बहु-आयामी विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**विजय मत,रायपुर।**

रायपुर। रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत द्वारा नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 में 1 करोड़ 78.52 लाख रुपये की लागत से होने वाले बहु-आयामी विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन सरोना पार्षद कार्यालय के पास स्कुल परिसर में हुआ, जहां आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों, नगर निगम के अधिकारियों, पार्षदगण और जनप्रतिनिधियों की भारी उपस्थिति देखी गई।

इन विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड में सामुदायिक भवनों का निर्माण, पुराने भवनों का जीर्णोद्धार, विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, शैक्षणिक संसाधनों का उन्नयन, शौचालयों का निर्माण, मितानिन सदन और अन्य सार्वजनिक परिसरों में निर्माण एवं सुविधाओं के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इस कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश मूणत ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भूमिपूजन केवल ईंट-पत्थर का काम नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं, जरूरतों और सपनों को आकार देने की शुरूआत है। उन्होंने बताया कि रायपुर पश्चिम क्षेत्र में विकास कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी और हर मोहल्ला, हर गली, हर नागरिक तक इसका लाभ पहुंचेगा।

उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र राजधानी के सबसे उन्नत वार्डों में गिना जाएगा। वहीं, महापौर मीनल चौबे* ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि ह्लनगर निगम का प्राथमिक दायित्व है कि नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध कराई जाएं। संत रविदास वार्ड में शुरू हो रहे ये कार्य न केवल संरचनात्मक विकास का प्रतीक हैं, बल्कि यह सामाजिक समरसता और जनकल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ते हैं। उन्होंने आगे कहा, रायपुर शहर को स्मार्ट, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना हमारा साझा लक्ष्य है, और आज जो कार्य प्रारंभ हुए हैं, वे उसी दिशा में एक मजबूत कदम हैं। मैं विधायक राजेश मूणत को इस दूरदर्शी पहल के लिए बधाई देती हूं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर प्रफुल्ल विश्वकर्मा अशोक पांडे गोपी साहू बजरंग खंडेलवाल ओंकार बैस सत्यम दुआ गायत्री चंद्राकर सुमन पांडे प्रीतम ठाकुर गज्जू साहू भोलाराम साहू आनंद अग्रवाल अर्जुन यादव विशेष शाह गुड्डा तिवारी विनय जैन पुरुषोत्तम मावले अनिल सोनकर अखिलेश कश्यप शंकर विश्वकर्मा संजय सिंह चंद्रकांत शर्मा ऋषिकेश कन्नौज हरिश्चंद्र कन्नौज नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण, क्षेत्रीय सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवा संगठन, मितानिन कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे। कार्यक्रम में नागरिकों ने विकास कार्यों के प्रति संतोष और उत्साह व्यक्त किया।

# नाटक में काम करना गंगास्नान जैसे: मनोज जोशी




**विजय मत,रायपुर।**

नाटकों में हूं इसलिए फि२ल्मों में भी हूं, ऐसा कहना गलत है। बल्कि मेरे लिए तो नाटकों में काम करना गंगास्?नान की तरह है। रंगमंच मेरे लिए प्राण वायु है। सुप्रसिद्ध नाट्य व फिल्म अभिनेता मनोज जोशी ने इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में रंगसाधकों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अभिनेता योगेश अग्रवाल, रंजन मोडक ने जोशी का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर जोशी ने कहा कि रंगमंच का कलाकार फिल्मों में अंतिम क्षण तक सीन को और बेहतर बनाने की दिशा में काम करता है। डबिंग करते समय भी अपनी आवाज के माध्यम से वो सीन को इंप्रोवाइज करता है क्योंकि उस सीन को वो डबिंग के समय महसूस करता है।

गत 36 वर्षों में चाणक्य नाटक को 1724 बार मंचित कर चुके मनोज जोशी ने मौलिकता को लेकर पूछ गए सवाल पर कहा कि पहले हम अंग्रेजी फिल्मों की कॉपी करते थे। फिर साउथ की फिल्मों की नकल करने लगे और अब दुकान एक, दुकान दो, दुकान तीन का चलन है। उन्होंने कहा कि फिल्मों में चाहे कॉमेडी वाली भूमिका हो या संवेदनशील, वो पूरे तन- मन से, मस्तिष्क से करते हैं। जैसा निर्देशक चाहते हैं वे अपनी भूमिका को वैसे ही निभाते हैं। पसंद का च्वाइस उनके पास नहीं है। वैसे भी वे स्टार सन तो हैं नहीं।

पहले फिल्मों और अब फिल्मों के साथ ओटीटी के कारण रंगमंच के समक्ष चुनौती पर जोशी कहते हैं कि वो कभी भी नकरात्मक नहीं रहे। उनका मानना है कि नाटकों के लिए दर्शकों को जुटाने के लिए नए सिरे से प्रयास करने की जरूरत होगी। हमें अच्छी कहानी के साथ सातत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। कभी भी शुरूआत दो- चार से होती है, जो धीरे- धीरे लोग बढ़ते जाते हैं। बढ़िया निर्देशक के साथ अच्छे नाटक में काम करने के परिणाम मिलेंगे। इसके लिए चाहे तो अच्छे निर्देशक महाराष्ट्र या कहीं और से भी बुलवा सकते हैं। वैसे भी दर्शक आतुर होता है>

# गौ माता की सेवा ही सच्ची सेवा: बृजमोहन अग्रवाल

## धर्म और सृष्टि की रक्षा का आधार है गौ माता का संरक्षण: बृजमोहन अग्रवाल




**विजय मत,रायपुर।**

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को राजधानी रायपुर के बाना (गुमा) स्थित लीलावती देवी भगवानदास गौसेवा सदन में आयोजित श्री कामधेनु गौप्रतिष्ठा महायज्ञ एवं गौ महिमा कथा में सम्मिलित होकर गौमाता की सेवा और संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गौ माता की रक्षा ही धर्म की रक्षा है, और धर्म की रक्षा से ही सृष्टि की रक्षा संभव है। गौ सेवा ही सच्ची सेवा है, यही हमारी संस्कृति, आस्था और परंपरा का मूल है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की सेवा और सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। स्वयं भी इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। सांसद श्री अग्रवाल ने लीलावती देवी भगवानदास गौसेवा सदन में हो रहे सेवाकार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राजेश सोनी जी के नेतृत्व में युवा टीम द्वारा बीमार, सड़क दुर्घटनाग्रस्त और अनाथ गौवंशों की सेवा अत्यंत सराहनीय, पुण्य और परोपकार का कार्य है। इस अवसर पर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने गौसेवा सदन को 2 एम्बुलेंस प्रदान करने की घोषणा की, जिससे अधिक से अधिक गौवंशों को त्वरित उपचार और संरक्षण मिल सके।

# महाराष्ट्र मंडल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ बटुकों का उपनयन संस्कार

## रायपुर के पांच सहित छह बटुकों का किया गया यज्ञोपवीत



**विजय मत,रायपुर।**

महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में रविवार, 18 मई को छह बटुकों का उपनयन संस्कार परिजनों व करीबी रिश्तेदारों के बीच किया गया। सचिव आचार्य चेतन गोविंद दंडवते व अन्य आचार्यों ने सुबह विधि विधान और वेद मंत्रोच्चार के साथ इन बटुकों का षोडस संस्कारों में से एक उपनयन संस्कार संपन्न कराया। आचार्य दंडवते का साथ योगेश दंडवते, अजय पोतदार, संदीप देशपांडे और पार्थसारथी देशपांडे ने भी संस्कार संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। महाराष्ट्र संस्कार केंद्र और महाराष्ट्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उपनयन संस्कार में सीहोर मध्यप्रदेश के यथार्थ आकाश शेकदार और रायपुर के अमेय सारंग पोफळी, क्षितिज नितिन रामेकर, दिव्यांश मनीष गोवर्धन, श्रेयस पंकज जोशी और अरिन अतुल राहटगांवकर का मुंज संस्कार यानी उपनयन संस्कार किया गया है। इस तरह दोनों संस्थाओं के माध्यम से अब तक 300 से अधिक हर आयु के बटुकों का उपनयन संस्कार कराया जा चुका है। आचार्य दंडवते ने बताया कि सुबह 8.30 बजे उपनयन संस्कार की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सबसे पहले मंडप पूजन किया गया। इसके पश्चात मातृका पूजन एवं मातृभोज, फिर मंगलाष्टक संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि संपन्न कराने के बाद सभी बटुकों ने भिक्षाटन कर काशी की यात्रा की।

इसके उपरांत हेमंत माऊलीकर ने सभी बटुकों को उपनयन संस्कार पर आधारित मराठी भाषी पुस्तिका 'कुर्यात बटोर्मंगलम' वितरित की।

बताते चले कि महाराष्ट्र मंडल और महाराष्ट्र संस्कार केंद्र कर ओर से हर साल स्वयं के खर्च पर सामूहिक उपनयन संस्कार कराया जाता है।

# यातायात विभाग की बड़ी कार्रवाई, बसों-ट्रकों से हटाई गई तेज रोशनी वाले एलईडी लाइट्स

## पांच हजार का जुमार्ना और बीस हजार का रोड टैक्स भी वसूला



**विजय मत,रायपुर।**

रात्रिकाल में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आकड़ों को देखते हुए यातायात विभाग सुकमा ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी श्री एसबी रावटे के नेतृत्व में बसों, ट्रकों और पिकअप वाहनों में लगी तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स को हटाने की मुहिम शुरू की गई है। उक्त कार्रवाई में वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर जुमार्ना भी लगाया गया, जिनमें कुल मिलाकर पांच हजार रूपए का चालान किया गया। साथ ही दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई। वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी लाइट्स का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यात्री वाहनों का मासिक रोड टैक्स बीस हजार रुपये शासन के खाते में जमा किया गया ।यातायात विभाग की बड़ी कार्रवाई, बसों- ट्रकों से हटाई गईं तेज रोशनी वाले एलईडी लाइट्सयातायात विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना और दोपहिया वाहनों में हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स से होने वाली दुर्घटनाओं और परेशानियों को कम करने के लिए यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे राज्य और देश के लिए एक मिसाल बन सकती है। यदि इस तरह के प्रयास निरंतर जारी रहे, तो निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रा सुरक्षित व सुगम होगी। अधिकारियों ने आम जनता और वाहन चालकों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क को सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दें।

# कृषि मंत्री राम विचार नेताम से शासकीय लरंग साय अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्या व स्टाफ ने की भेंट



**विजय मत,रायपुर।**

आज नवा रायपुर स्थित कृषि मंत्री राम विचार नेताम के आवासीय कार्यालय में शासकीय लरंग साय अग्रणी महाविद्यालय की माननीय प्राचार्या रोजलीली बड़ा एवं महाविद्यालय के अन्य कर्मचारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान शैक्षणिक विकास, विद्यार्थियों के हित और महाविद्यालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। प्राचार्या एवं स्टाफ ने कृषि मंत्री नेताम को महाविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आवश्यकताओं से अवगत कराया।

कृषि मंत्री ने सभी से संवाद करते हुए राज्य सरकार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। भेंटवार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

**खास-खबर**

मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ, 12 गांव के लगभग 14 हजार लोगों को मिलेगा बैंक का लाभ

# नक्सल प्रभावित रहे जगरगुंडा में खुली इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा




**विजय मत,रायपुर।**

लंबे समय से नक्सल समस्या से प्रभावित रहे छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र के लोगों को भी अब बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास से सुकमा के जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया। बैंक की इस शाखा से आसपास के 12 गांव के लगभग 14 हजार ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री साय ने शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन इस क्षेत्र के लोगों के लिए ऐतिहासिक है। लंबे समय से यह क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। पिछले डेढ़ वर्षों में हमारी डबल इंजन की सरकार में हम बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने में कामयाब हुए हैं। यही कारण है कि आज यहां बैंक की नई शाखा खुली है। लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की सुरक्षा, विकास और विश्वास की रणनीति, सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और केंद्र और राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प से बस्तर अंचल के गांव तेजी से नक्सल समस्या से उबर कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में सभी ग्राम पंचायत में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की गारंटी दी गई है, जिस पर अमल करते हुए 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रत्येक विकासखंड की 10 - 10 ग्राम पंचायतों में 1460 अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। जहां ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। एक वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों में इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सुशासन तिहार की भी विस्तार से जानकारी दी। साय ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान उन्होंने स्वयं डिजिटल सेवा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है।

ग्रामीण यहां बैंकिंग सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि जब वे दंतेवाड़ा में कलेक्टर थे, तब यह इलाका घोर नक्सल प्रभावित था। अंदरूनी इलाके में जाने के पहले सोचना पड़ता था। वर्ष 2001 में इस भवन में ग्रामीण बैंक की शाखा थी, जिसे नक्सलियों द्वारा लूटने का प्रयास किया गया था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 ( *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997